CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, बुधवार 16 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत पेज 2



क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक खेल टाइम्स




हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए, क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए सम्पादकीय



ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ लगाने की दी धमकी पेज 12

# इतिहास रच धरती पर लौटे शुभांशु

## अंतरिक्ष से 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की कैलिफोर्निया में हुई लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं।

चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया। स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे।



■ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए

### मोदी ने शुभांशु को सकुशल लौटने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को एक्सिओम-4 मिशन की सफलता के बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को सकुशल धरती पर लौटने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। श्री मोदी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हू, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

## कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड विवाद पर उप्र और उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर दोनों राज्यों को एक सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। गत 11 जुलाई से शुरू कांवड़ यात्रा आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह, हुजेफा हमदी और शादान फरासत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखने उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार शेठी पेश हुए।

# यमन में निमिषा को मिली दूसरी जिंदगी

सना, वार्ता

**यमन में मौत** की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गई है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी (लगभग 8.5 करोड़ रुपये) स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर -शेष पृष्ठ दो पर



■ दोनों देशों के धर्मगुरुओं ने की बातचीत, एक्टिविस्ट ग्रुप और धार्मिक नेताओं ने मामले में दखल दिया

■ पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ

## मुंबई धमाके रोके जा सकते थे: उज्ज्वल निकम

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम ने कहा कि 1993 के मुंबई बम धमाके रोके जा सकते थे। अगर एक्टर संजय दत्त उस गाड़ी के बारे में पुलिस को बता देते, जिसमें से उन्होंने एके-47 बंदूक उठाई थी, तो ये धमाके कभी नहीं होते। हाल ही में निकम को राज्यसभा सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि धमाकों से कुछ दिन पहले अबू सलेम (गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का आदमी) हथियारों से भरी एक वैन लेकर संजय दत्त के घर आया था। उसमें हथगोले और एके-47 थी। संजय ने उसमें से कुछ हथियार ले लिए। बाद में उन्होंने सब लौटा दिए, लेकिन एक एके-47 रख ली। निकम ने कहा कि इस बारे में पुलिस को जानकारी न देना धमाकों का कारण बना, जिनमें इतने सारे लोग मारे गए। निकम ने ये बातें एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहीं। 12 मार्च 1993 को मुंबई के अलग-अलग इलाकों में सिलसिलेवार 13 बम धमाके हुए थे। इसमें 257 लोगों की मौत हुई -शेष पृष्ठ दो पर

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com
University Grant Commission A++ NAAC UGC

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB

Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹10 Crores Available

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology

Empowering Tomorrow's Educators







B.Ed.
Fee: ₹70,000/- Per Year

ADARSH WOMEN EMPOWERMENT SCHOLARSHIP
For girl candidates: Equal to 20% of Tuition Fee
Applicable to candidates applying for all UG/PG programs and having more than 60% marks in qualifying academic exams
OTHER SCHOLARSHIPS
Based on CUET Score / Academic Merit/
For Sports Persons/Defence Wards/Proud Alumni

NAAC A | NCTE APPROVED | UGC 12B Status Granted | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
Admission Open - Apply Now!

24 Amongst Top Technical Universities of India — India Today University Ranking Survey 2024
Tech-Integrated Curriculum — Focus on educational technology, curriculum design, and real-world teaching practices.
Modern Teaching Methods — Student-centred and interactive pedagogy to prepare educators for digital and inclusive classrooms.
Language & Communication Skills — Language labs to strengthen English and foreign language proficiency for confident teaching.

School of Education
SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be-University established u/s 3 of UGC Act 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
7617505016, 9870265521 | www.shobhituniversity.ac.in
SCAN TO APPLY

## संक्षिप्त समाचार

### देवी देवताओं के प्रति टिप्पणियों पर सरकार दे जवाब: हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने हरियाणा के संत रामपाल के संस्थानों से प्रकाशित पुस्तकों में हिंदू देवी देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में यूपी सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या सरकार मामले में कोई ठोस कदम उठाने जा रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या याची की शिकायत पर अब तक कोई कारवाई की गई है। इसका ब्योरा भी अगली सुनवाई पर 15 जुलाई को पेश करने का निर्देश सरकारी वकील को दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह जानकारी पेश किए जाने के बाद जरूरी होने पर याचिका के निजी पक्षकारों को नोटिस जारी करने पर गौर किया जाएगा। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नमक ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

### पीसीआई ने अजीत के खिलाफ प्राथमिकी पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) और महिला पत्रकारों के संगठन इंडियन वुमेंस प्रेस कार्प्स (आईडब्ल्यूपीसी) ने वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ बिहार के बेगुसराय में की गई प्राथमिकी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए बढ़ती चुनौतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रेस कल्ब ने आज एक बयान जारी कर कहा कि पीसीआई और आईडब्ल्यूपीसी वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करती है।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी व मेले के उद्घाटन पर बोले योगी

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार कटिबद्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उत्तर प्रदेश से 25 करोड़ की आबादी में से 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है और भाजपा की सरका. रें उन्हे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ की आबादी में 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं। इन युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' उत्तर प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यह राज्य की युवा शक्ति को नई दिशा प्रदान करने का आधार बन रही है। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि हमने स्केल को स्किल में बदलने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करवा रही है, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा गया है, ताकि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। प्रदेश में 400 के करीब राजकीय और 3000 निजी आईटीआई संचालित हैं, जहां न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सरकार निजी आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप और अन्य प्रोत्साहन भी दे रही है। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून- व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीयत के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। ये निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह को मिला केंद्र में सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह को सेवा विस्तार मिल गया है। आईआरएस 2000 बैच के अधिकारी अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार ने मार्च 2027 तक बध दी है। अमित सिंह को योगी आदित्यनाथ के करीबी अफसरों में गिना जाता है। लंबे समय से यह कयास लगाये जा रहे थे कि उनको सेवा विस्तार मिल सकता है। यह विस्तार मानक प्रतिनियुक्ति नीति में ढील देते हुए दिया गया है। गौरतलब है कि अमित सिंह को अप्रैल 2017 में उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्त पर भेजा गया था और तब उन्हें मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया था। बाद में उनको सचिव के पद पर प्रोन्नत किया गया था। यूपी में प्रतिनियुक्ति पर आने से पहले श्री सिंह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत लखनऊ में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। वह रेलवे में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) और गोरखपुर में रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव की भूमिका निभा चुके हैं।

## सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ की अदालत ने बीस-बीस हजार के बॉन्ड पर दी कांग्रेस नेता को जमानत

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी।

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। श्री गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान श्री गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि 16 दिसम्बर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक थी और एक पूर्व रक्षा कर्मी के रूप में उनके अपने मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, श्री गांधी ने अपनी संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नि:संदेह, भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें ऐसे बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है, जो किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए अपमानजनक हों।

## उदयपुर फाइल्स की रिट पर सुको आज करेगा सुनवाई

■ जमीयत उलेमा ए हिंद व अन्य ने दायर की हैं रिट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैयालाल लाल टेलर मर्डर' के पक्ष और विपक्ष में दायर याचिकाओं पर वह बुधवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों में शामिल मोहम्मद जावेद की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर उनके अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी से कहा कि वह पक्ष और विपक्ष में दायर दोनों मामलों पर बुधवार को सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुस्वामी के 'विशेष उल्लेख' पर पीठ ने जावेद की याचिका को फिल्म के निर्माता द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ सोमवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। दूसरी ओर, फिल्म के निर्माता ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के उस आदेश को चुनौती देते हुए दरवाजा खटखटाया है, जिसमें फिल्म के प्रदर्शन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमीयत उलेमा-ए- हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फिल्म की निर्धारित रिलीज (11 जुलाई) से एक दिन पहले रोक संबंधी आदेश पारित किया था।

## इंदौर के कार्टूनिस्ट की गिरफ्तारी पर रोक

नई दिल्ली, वार्ता

■ हेमंत मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया माफीनामा अगली सुनवाई 15 अगस्त के बाद

उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय के माफी मांगने के बाद मंगलवार को अंतरिम राहत दी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर निवासी व्यंगचित्रकार मालवीय को अंत. रम संरक्षण का आदेश पारित करते हुए उन्हें हिंदी में हलफनामे के रूप में भी माफी मांगने का निर्देश दिया। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 अगस्त की तारीख मुकर्रर करते हुए पक्षकारों को अगली तारीख तक अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया। आरोपी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें उनके फेसबुक पर पोस्ट किए गए संबंधित व्यंगचित्र मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था।

वह 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद आपत्तिजनक व्यंगचित्र को फेसबुक से हटाने के लिए तैयार हुआ था। सुनवाई के दौरान पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया था। पीठ ने 14 जुलाई को उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा था कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा था कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई थी और कहा था कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है । उन्होंने हालांकि कहा था कि याचिकाकर्ता की टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं।

## विदेश नीति के नाम पर चल रहा सर्कस: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर भारत-चीन संबंधों के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह (एस जयशंकर) देश की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक सर्कस चला रहे हैं।

विपक्ष के नेता की यह टिप्पणी जयशंकर द्वारा मंगलवार को शी जिनपिंग से मुलाकात करने और उन्हें द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराने के बाद आई है। राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि मुझे लगता है कि चीनी विदेश मंत्री आएंगे और पीएम मोदी को चीन-भारत संबंधों के हालिया घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक फुल प्लान सर्कस चला रहे हैं। बता दें कि बीजिंग में शी जिनपिंग के साथ अपनी बैठक के दौरान जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दी थीं।



**सेंसेक्स** 82570.91
**निफ्टी** 25195.80



**सोना रु.** 97916
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 111999
प्रति किलो



## चौतरफा लिवाली से चढ़ा बाजार

मुंबई, वार्ता



विदेशों में शेयर बाजारों में मजबूती का असर मंगलवार को घरेलू बाजार पर भी देखा गया। लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर बीएसई का संसेक्स 317.45 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 113.50 अंक (0.45 प्रतिशत) की बढ़त में 25,195.80 अंक पर पहुंच गया। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। संसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों में तेजी रही, जबकि आठ में गिरावट देखी गयी। सनफार्मा के शेयर सबसे ज्यादा 2.71 फीसदी चढ़े। एचसीएल टेक में 3.31 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार की तेजी में रुपये में जारी बढ़त का भी योगदान रहा। अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपया आज 8.50 पैसे मजबूत हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी के साथ दूसरे सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.49 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल समेत सभी सेक्टरों में लिवाल से इनके सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। एनएसई में निफ्टी ऑटो सबसे ज्यादा 1.50 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स 1.23 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशल सर्विसेज 1.18 फीसदी और निफ्टी फार्मा 1.14 प्रतिशत मजबूत हुआ। सकारात्मक रुझानों के कारण शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। निफ्टी.50 सुबह 7.20 अंक की मजबूती के साथ 25,089.50 अंक पर खुला। बीच कारोबार में एक समय यह 25,245.20 अंक तक पहुंच गया था। अंत में यह 113.50 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। विदेशों में जहां सोमवार को अमे. रिकी शेयर बाजार मजबूत बंद हुए थे, वहीं जापान, हांगकांग, ब्रिटेन और दक्षिण कोरियाई शेयर बाजारों में भी तेजी रही। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर सोने में जहां तेजी रही, वहीं कच्चे तेल की कीमतों में नरमी देखी गई।

## सोना 387 गिरकर 97916 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी भी गिरी

■ 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 387 गिरकर 97,916 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 98,303 पर था। चांदी की कीमत 1,868 कम होकर 1,11,999 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,13,867 पर थी। ये चांदी का ऑल टाइम हाई भी है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,920 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 रही,जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,754 रुपए बढ़कर 97,964 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,982 रुपए बढ़कर 1,11,999 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## इंडिगो का जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली, वार्ता

देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक अपने उपभोक्ताओं की आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया की किफायती एयरला. इंस जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता किया है।

इंडिगो ने मंगलवार को बताया कि उसके ग्राहक अब सिंगापुर, बैंकॉक और फुकेट के रास्ते ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के लिए टिकट बुक करा सकते हैं। इसके लिए बुकिंग 21 जुलाई से शुरू होगी, जो 1 सितंबर या उससे आगे की यात्रा के लिए उपलब्ध होगी। इस समझौते के तहत यात्री इंडिगो की वेबसाइट पर दोनों नेटवर्कों के लिए एक ही टिकट बुक कराकर यात्रा कर सकते हैं। उन्हें एक बार ही चेकइन भी करना होगा। हालांकि इस समझौते को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। जेटस्टार की सीईओ स्टेफनी टुली ने कहा कि दोनों एयरलाइंस के बीच इस साझेदारी से भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विशिष्ट आकर्षण, विश्व स्तरीय अनुभव और भारतीय मूल के समुदायों की बढ़ती आबादी उपमहाद्वीप के लोगों के बीच दोनों देशों को लोकप्रिय बनाता है। इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (नेटवर्क नियोजन और राजस्व प्रबंधन) अभिजीत दासगुप्ता ने कहा कि जेटस्टार के साथ इस कोडशेयर समझौते से कारोबार, व्यापार और पर्यटन से संबंधित यात्रा को और मजबूती मिलेगी और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

### पहली तिमाही में कुल निर्यात बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025.26 की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा को मिलाकर देश का कुल निर्यात 5.94 प्रतिशत बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 198.52 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि तिमाही के दौरान वस्तुओं का निर्यात 112.17 अरब डॉलर रहा जो अप्रैल-जून 2024 की तुलना में 1.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें गैर.पेट्रोलियम निर्यात 94.77 अरब डॉलर बढ़कर 5.97 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस दौरान सेवा निर्यात 98.13 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 88.46 अरब डॉलर से 10.93 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात 230.62 अरब डॉलर रहा, जिससे देश का व्यापार घाटा कम होकर 20.31 अरब डॉलर हो गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यमन में...** मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है। भारतीय नर्स निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। भारत के पास यमन में स्थायी राजनयिक मिशन (दूतावास) नहीं है। 2015 में राजनीतिक अस्थिरता के कारण राजधानी सना में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था और इसे जिबूती में ट्रांसफर कर दिया गया था। भारत सरकार यमन सरकार से मुख्य रूप से 'नॉन-रेजिडेंट राजदूत' के जरिये बात करती है। फिलहाल भारत सरकार रियाद में मौजूद राजदूत के जरिये बातचीत कर रही है।

**मुंबई धमाके...** थी, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। निकम ने कहा कि संजय दत्त निर्दोष थे। उन्होंने बंदूक सिर्फ इसलिए रखी, क्योंकि उन्हें हथियारों का शौक था। उन्होंने कानून की नजर में अपराध किया, लेकिन वे सीधे-सादे इंसान हैं। संजय के पास एके-47 थी, लेकिन उन्होंने कभी भी वह बंदूक नहीं चलाई। कोर्ट ने संजय को टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज एक्ट (टाडा) के तहत आतंकवादी नहीं माना, लेकिन प्रतिबंधित हथियार एके-47 रखने का दोषी करार दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी छह साल की सजा को घटाकर पांच साल कर दिया था। आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद मामले में सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम के साथ उनकी बातचीत सुर्खियों में रही थी। हालांकि, यह कभी सामने नहीं आया कि दोनों के बीच क्या बात हुई। इंटरव्यू के दौरान निकम ने इस बातचीत का खुलासा किया सजा सुनाए जाने के बाद संजय दत्त ने अपना आपा खो दिया था। मैंने उनके हावभाव बदलते देखे। मुझे लगा कि वे सदमे में हैं। वह फैसला बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे और कांप रहे थे। वे कठघरे में थे और मैं पास में ही था। मैंने उनसे कहा कि संजय ऐसा मत करो। मीडिया तुम्हें देख रहा है। अगर डरे हुए दिखोगे, तो लोग तुम्हें दोषी मानेंगे। तुम्हारे पास अपील करने का मौका है। इस पर उन्होंने कहा कि यस सर, यस सर। उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई हमला मामले में भी सरकारी वकील थे। इंटरव्यू में जब निकम से आतंकी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी खिलाए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कसाब ने वास्तव में बिरयानी मांगी थी, लेकिन नेताओं ने बात को पकड़ लिया और राजनीतिकरण कर दिया। कसाब इकलौता आतंकी था जिसे इस हमले के बाद जिंदा पकड़ा गया था।

## फिल्म निर्माता-अभिनेता धीरज का निधन

मुंबई, वार्ता

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्मकार धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। धीरज कुमार को सांस लेने में तकलीफ कारण सोमवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया।

सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (सिन्टा) ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए लिखा कि धीरेज कुमार जी के निधन से हम दुखी हैं। वह 1970 से सिन्टा के एक आदरणीय सदस्य रहे हैं, उनके योगदान और उपस्थिति को हम हमेशा याद रखेंगे, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी संवे. दनायें हैं, ओम शांति। धीरज कुमार ने सत्तर के दशक में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और 'दीदार', 'रातों का राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'रोटी कपड़ा व मकान', 'शराफत छोड़ दी मैंने', 'क्रांति' और 'मांग भरो सजना' जैसी कई हिट फिल्मों में अहम किरदार निभाए थे। हिंदी फिल्मों में ही नहीं, बल्कि पंजाबी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया, जिनमें 'सज्जन सिंह रंगरूट', 'इक संधू हुंदा सी', 'वॉर्निंग 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।

### राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। मप्र के लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश के कई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर के गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 51 करोड़ से बने 4 पुलों की एप्रोच सड़कें बह गईं। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 दिन में 105 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तर प्रदेश में पशुधन क्रांति



उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में समग्र और दूरदर्शी नीतियों के साथ राज्य के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने की दिशा में प्रभावशाली पहल की है। किसानों की आय को दोगुना करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण अनुकूल कृषि मॉडल को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला चलाई जा रही है। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और संरचनात्मक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की यह रणनीति राज्य को पशुधन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है।



> प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को अगर नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न सिर्फ देश का अग्रणी दूध उत्पादक राज्य बन सकता है बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है
>
> **योगी आदित्यनाथ**
> मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



> भारत के डेयरी सेक्टर को मजबूत करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। गाय-भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका पशुधन से ही चलती है। यूपी आज न केवल देश का सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य है, बल्कि डेयरी सेक्टर के विस्तार में भी बहुत आगे है
>
> **नरेन्द्र मोदी**
> प्रधानमंत्री

- **7,717** गौशालाएं स्थापित
- **14 लाख+** गायों को संरक्षित किया गया
- उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन कर देश में **प्रथम स्थान**
- लम्पी रोग से बचाव / नियंत्रण के लिए **1.52 करोड़** पशुओं का टीकाकरण

## 2017 से पहले

| | |
|---|---|
| 7 करोड़ पशुओं का टीकाकरण | पशु उत्पादों के प्रोत्साहन के प्रति शून्य प्रयास |

## 2017 के बाद



- 16 करोड़ पशुओं का टीकाकरण
- गोवंश से आर्थिक उन्नति के प्रयास
- पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाने हेतु प्रदेश स्तर पर रेडियम बेल्ट भी लगाई जा रही
- गो-पेंट, गो-दीप और गाय के गोबर के गमले और वर्मी कम्पोस्ट का व्यापक उत्पादन
- जैव ऊर्जा और बायोगैस ईंधन के रूप में गोमूत्र का व्यावसायिक उपयोग
- एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, 4 प्रमुख डेयरी इकाइयों का प्रभार, कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अम्बेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला में हैं

**हेल्पलाइन** | पशुपालन विभाग 1800-180-5141 | पशु चिकित्सकीय सहायता 1962



- मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत इच्छुक कृषक/ पशुपालक परिवारों को 1 से 4 गाय व ₹1500 प्रतिमाह प्रति गोवंश दिये जाने की व्यवस्था
- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 1,63,452 गोवंश इच्छुक कृषक / पशुपालक परिवारों को सुपुर्द
- प्रदेश में पहली बार डी.बी.टी. के माध्यम से भरण-पोषण हेतु ₹50 प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से गो आश्रय स्थलों को धनराशि हस्तांतरण
- प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए 5 वर्षों में ₹1000 करोड़ की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन का प्रारम्भ
- मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं स्वदेशी नस्ल के गोवंश हेतु मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना संचालित
- नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दुग्ध उत्पादन तथा डेयरी की स्थापना के लिए लगभग 50 प्रतिशत अनुदान
- ई-कॉमर्स पोर्टल से 1,22,951 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पराग मित्रों को जोड़ा गया
- प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं उत्पाद प्रोत्साहन नीति का प्रख्यापन
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना (पशुपालन घटक) के अन्तर्गत मार्च 2024 तक 5.60 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित
- गो-आश्रय स्थलों में CCTV की स्थापना तथा जनपद स्तरीय कंट्रोल रुम (ICCC) के माध्यम से निगरानी

# एसपी से मिले ठेकेदार के परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** 48 दिन पूर्व ठेकेदार व उनके चालक की मौत के मामले में ठेकेदार के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से भेंट करके न्याय की गुहार लगाई है।

**29 मई को ठेकेदार व चालक के मिले थे शव**

बता दें कि नगर के मौहल्ला शुक्लपुरी निवासी ठेकेदार देवऋषि (38) उर्फ दीपक सिंचाई विभाग में ठेकेदारी करते थे। उनके पिता अतरपाल सिंह ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता हैं। 29 मई की सुबह को ठेकेदार व उनका चालक इंद्रदेव(33) निवासी गांव चौबारा नगर के मौहल्ला अवंतिकानगर स्थित ऑफिस दोनों मृतावस्था में मिले थे। 29 मई की सुबह को जब ठेकेदार के भांजे ने ऑफिस पर जाकर देखा तो उनकी मौत की बात सामने आई थी। दोनों के मुंह से झाग आ रहे थे, पुलिस ने दोनों की मृत्यु का कारण जानने के लिये शवों का पोस्टमार्टम कराया था मगर मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था, जिसके बाद दोनों का विसरा सुरक्षित रखा गया है, जिसकी रिपोर्ट भी अभी आनी बाकी है। मंगलवार को ठेकेदार दीपक के पिता अतरपाल सिंह, मां चंद्रकिरण, बहन हेमलता, पत्नी रेखा रानी और तीन बच्चे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मिले और इस प्रकरण में न्याय की गुहार लगाई। परिजनों ने घटना के सम्बंध में कुछ बिंदु भी पुलिस अधीक्षक को बताए हैं। इस बारे में अतरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिया है कि वे उक्त सभी बिंदुओं पर जांच कराएंगे।



## संदिग्ध युवक पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जोया।** संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। उस पर छेड़खानी तथा मोबाइल पर महिलाओं से अभद्रता करने में मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया। घटना इकोंदा रोड स्थित शिव नगर की है। सोमवार की सांय यहां एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। वह काफी देर तक यहां टहलता रहा तो लोगों को शक हो गया। उन्होंने उसे दबोच दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गये। पूछताछ में उसने अपना नाम मनदीप पुत्र इन्द्रपाल निवासी जनपद मेरठ के थाना मेडिकल शर्मा नगर विक्टोरिया बताया। जानकारी करने पर पता चला कि उसके ऊपर छेड़छाड़ व महिलाओं से मोबाइल पर अभद्रता करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

# अवैध रूप से खोला भाजपा का कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** किसी व्यक्ति ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष, नगराध्यक्ष अथवा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अनुमति लिये बिना ही अनाधिकृत रूप से पार्टी का कार्यालय खोल दिया। बीती रात भाजपा के मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सौंपी गई तहरीर के अनुसार भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता का आरोप है कि नाईपुरा में किसी सर्वेश वर्मा नामक व्यक्ति ने बिना पार्टी नेताओं की अनुमति के ही पार्टी का कार्यालय खोल लिया है। संदेह है कि यहां पर अप्रिय गति. विधियों का संचालन भी संज्ञान में आया है। उन्होंने पुलिस से अनाधिकृत रूप से पार्टी कार्यालय खोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने बिना पार्टी के जिलाध्यक्ष अथवा उनकी अनुमति के बिना अवैध रूप से पार्टी कार्यालय खोला है। जिसकी सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज होने की सूचना नहीं थी, पुलिस जांच में जुटी थी।




# दहेज के लिए विवाहिता को मायके में पीटा

## दस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पति से विवाद होने पर मायके में रह रही विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की। दस लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी 30 जून 2020 को शामली जनपद के रहने वाले युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपये की मांग करते हैं। एक जून 2022 को विवाहिता ने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल वालों का उत्पीड़न और बढ़ गया। बेटी के पैदा होने का ताना देने लगे। 5 मई 2024 को विवाहित अपनी ससुराल में थी। तभी, नंदोई ने उसके साथ छेड़खानी की। करीब एक साल पहले ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और दहेज की। मांग पूरी नहीं होने पर घर में रखने से इनकार कर दिया। विवाहिता ने इसका विरोध किया तो उसे घर से निकाल दिया। फिलहाल, विवाहिता अपने मायके में पिता के घर रहती है। छह जुलाई के दोपहर ससुराल वाले घर में घुस आए और मारपीट की। दहेज की मांग दोहराई गई। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में विवाहिता के पति समेत ससुराल पक्ष के दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवाहिता ने अपनी नंदोई पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# पालिका ने कुपोषित बच्चों को बांटी किट

## परिजनों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नगर पालिका सभागार में कुपोषित बच्चों को किट का वितरण किया गया। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि ऐसे बच्चों की सूची तैयार कर इनके परिजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।

नगर पालिका सभागार में कुपोषित बच्चों को किट का वितरण किया गया। जिसमें दाल, चावल, दलिया, पीनट, बटर, ड्राइ फ्रूट, बिस्किट, आटा आदि के पैकेट थे। इसके अलावा बच्चों का वजन करने लिये वैट मशीन भी बांटी गई। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि हम सभी को हर हाल में कुपोषण से बच्चों को बाहर लाना है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में 180 आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं इनमें पंजीकृत मैम एवं सैम बच्चों की सूची प्राप्त कर कर्मियों से सत्यापन कराया जायेगा। इसके बाद इन बच्चों तथा परिजनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रमुखता से दिलाया जायेगा। ईओ ने कहा कि कुपोषण को दूर करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर सभासद वीर अभिमन्यु, फहीम शाहनवाज, अजय चौहान मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आकर किसान की मौत

## ट्यूबवैल का तार जोड़ते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ट्यूवेल का तार जोड़ रहे किसान की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। किसान की मौत पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने किसान की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव देहरी खादर में मंगलवार को हरिद्वारी सिंह अपने ट्यूवेल पर तार को जोड़ रहे थे। इस दौरान किसान तार की चपेट में आ गया उसके बाद किसान जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हरिद्वारी सिंह को रहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने हल्द्वारी आयु 42 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। हरिद्वारी सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। उनके परिवार में पत्नी उर्मिला दो बेटियां और एक बेटा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव भी उनकी मौत से गमगीन है



# कौशल यूथ आईकॉन दुष्यंत सम्मानित

## सवा करोड़ के टर्न ओवर पर मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शिवानी बैंकट हॉल अमरोहा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में युवाओं के कौशल और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर कौशल यूथ आइकॉन के रूप में दुष्यंत कुमार को सम्मानित किया गया। दुष्यंत कुमार ने आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और वर्तमान में उनका टर्नओवर लगभग 1.25 करोड़ रुपये है। उनके इस उल्लेखनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने उन्हें सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमरोहा के प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा की देखरेख में हुआ। उन्होंने भी दुष्यंत कुमार को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों, प्रशिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया



# रिक्रूट आरक्षियों को दिया भीड़ नियंत्रण करने का प्रशिक्षण

## डब्ल्यूटीएम कैम्पस में प्रशिक्षण शिविर शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** डब्ल्यूटीएम कैंपस में चल रहे आरटीसी ट्रेनिंग सेंटर में मंगलवार को सीओ लाइन अभिषेक कुमार ने रिक्रूट आरक्षियों को ड्यूटी का प्रशिक्षण दिया। मेला, त्योहार व कांवड़ यात्रा की ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली एहतियात की जानकारी दी। साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने साथ ही आमजन से समन्वय स्थापित करने के टिप्स दिए। सीओ ने बताया कि पुलिस का व्यवहार ही जनविश्वास की सबसे बड़ी कसौटी होता है। ड्यूटी के दौरान अनुशासन, सतर्कता और संयम के साथ कार्य करना बेहद जरूरी होता है। आमजन से मधुर व्यवहार, समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता तथा कानून का प्रभावी अनुपालन ही एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी की पहचान है। रिक्रूट आरक्षियों ने उत्सुकतापूर्वक प्रशिक्षण में सहभागिता की। विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया।

## एआईएमआईएम ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 11 दिवसीय सदस्यता अभियान में धनौरा रोड गजरौला स्थित पार्टी कैंप कार्यालय पहुंचकर दो दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाध्यक्ष एड.साजिद अली चौधरी के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और तन मन धन से पार्टी संगठन को मजबूत करने का वादा किया इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के पीछे प्रदेश भर में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ साथ 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव में जिले भर में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करे। इस मौके पर जिला मुख्य महासचिव नबीहसन सैफी, मारुफ सलमानी, अनवर खान, साहिल सलमानी, खान मोहम्मद, मासूम अली, अब्दुल कादिर, हाफिज शाने आलम, मुहम्मद अहमद, सुहेल अंसारी, रहबर खान, इरफान अहमद, रिंकू कुमार, मोहम्मद चाँद खान, मुहम्मद आदि मौजूद रहे।

**पार्टी कार्यालय पर आयोजत हुआ कार्यक्रम**

## कवि अरविंद व विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस पीजी कालेज के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष व कवि डा. अरविंद कुमार शास्त्री द्वारा गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय के लिये लिखे गीत '**जयतु जय हे पुण्यभू जय, जयति जय हे ज्ञानधारा**' को स्वीकृत कर लिया गया है। जिस पर आज कवि व सहयोगी छात्रों को कालेज में सम्मानित किया गया। कालेज में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेन्द्र सिंह ने कवि अरविंद कुमार व उनकी सहयोगी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि अध्यक्ष अरविंद कुमार के गीत को स्वीकृति मिलना इनके लिये ही नहीं बल्कि कालेज के लिये भी सम्मान की बात है। जिन विद्यार्थियों ने इसे अपने कंठ से गाया तथा संगीत दिया है वह वास्तव में सम्मान के हकदार है। छात्रा ऐश्वर्या प्रभा, उमा कश्यप, स्नेहा, पलक सागर, कशिश बतूल, रूपेश, तुषार, शम्भू सरन ने इसे गाया तथा संगीत दिया। सम्मान समारोह में प्रो. बीना रुस्तगी, प्रो. अनिल रायपुरिया, प्रो. मनन कौशल, डा. पीयूष शर्मा, डा. नवीन विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# कुपोषण भगाने में करें सहयोगः उमा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर पालिका परिषद के सभागार में चेयरपर्सन राजेंद्री उर्फ उमा देवी द्वारा 15 कुपोषित व अर्द्ध कुपोषित बच्चों के पोषण के लिए बॉर्नविटा, चना, परमल, रामदाना, पीनट बटर, दलिया व आदि पोषक तत्व से तैयार पोषण किट वितरण की गई। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुपोषित व अर्द्ध कुपोषित बच्चों के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक ललित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर रविंद्र सिंह, अध्यक्षा पुत्र प्रमोद सिंह, दीपू कुमार, योगेश चौधरी, आकाश सिंह, मौहल्ले की आशा/दीदी व आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नगर पालिका परिषद में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



# पुलिस ने किया लोगों को जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर माफी, रायपुर सुमाली व बैरमपुर भूड़ में लोगों के साथ बैठक की और 'चोरों के आने की सूचना और ड्रोन द्वारा निगरानी किये जाने की भ्रामक सूचनाओं' का खंडन करते हुए जागरुक किया। कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार कुछ भ्रामक सूचनाओं आ रही हैं, उनपर बिना पुष्टि के विश्वास न करें और न हीं सूचना को फॉरवर्ड करें। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को थाने का, बीट मुख्य आरक्षी व हल्का प्रभारी का मोबाइल नंबर दिया गया, और किसी भी सहायता के लिये तुरंत बिना किसी संकोच के पुलिस को फोन करने का आह्वान किया। ग्रामीणों से भी संवाद करके उनकी राय ली गई।

**चोरों संबंधी भ्रामक सूचनाओं का किया खंडन**



# आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को गरजे

## पेंसनर्श व शिक्षक महासंघ ने दिया कलक्ट्रेट पर धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** पेंशनर्स एसोसिएशन ने आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को कलक्ट्रेट में धरना दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों व प्रा. शिक्षक महासंघ ने पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पेंशनर्स एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारी व शिक्षक महासंघ से जुड़े अध्यापक कलक्ट्रेट स्थित शहीद पार्क पहुंचे तथा धरने पर बैठ गये। उन्होंने कहा कि वह कई बार आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग कर चुके है। लेकिन आज तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की कम्युनिकेशन कटौती सीमा 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष की जाये। कोराना काल की आठ माह की अवधि का मंहगाई भत्ता, राहत का एरियन भुगतान कराया जाये। बच्चों को शिक्षा से वंचित न करते हुए विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश वापस लिया जाये। धरना देने वालो में जिलाध्यक्ष अनूप सिंह पेसल, शिवेन्द्र चिकारा, राजेन्द्र सिंह, शिशुपाल सिंह, अमीपाल सिंह, सोमदत्त सिंह, प्रा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, मुकेश चौधरी, रामवीर सिंह, खुर्शीद हैदर जैदी, कुंवरपाल सिंह, ओंकार सिंह, ओंकारी देवी आदि शामिल थे।

# ड्रोन कैमरे से रामलीला ग्राउंड की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मंगलवार को धनौरा से रफातपुर तक प्रशासनिक अमला अचानक हरकत में नजर आया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता, अपर जिलाधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी और एसडीएम विभा श्रीवास्तव की अगुवाई में चकबंदी, राजस्व, नगर निकाय विभाग की मौजूदगी में डीएम के आदेश पर गठित टीम ने तालाब, रामलीला मैदान और बाढ़ खंड नाले का ड्रोन कैमरे की निगरानी में पैमाइश और चिन्हांकन कराया।

इस कार्रवाई की पृष्ठभूमि में विधायक राजीव तरारा की वह शिकायत शामिल है, जिसमें उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र देकर आरोप लगाया था कि भूमि से संबंधित जानकारियां भ्रामक ढंग से प्रस्तुत की जा रही हैं। उन्होंने मामले को विधानसभा अनुश्रवण समिति को संदर्भित करने की मांग भी की थी। इसके बाद 11 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी ने गंभीर रुख अपनाते हुए इस भूमि की पैमाइश और सीमांकन के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। साथ ही परियोजना प्रबंधक मुरादाबाद ने भी नगर के रामलीला मैदान सौन्दर्यकरण के लिए निर्माण कार्य भूमि को चिन्हित और सीमांकन कराने की मांग की थी। मामले का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी अमरोहा ने गंभीर रुख अपनाते हुए जांच समिति का गठन किया था। बताया जाता है कि पूर्व में भी इस सम्बंध में विधायक राजीव तरारा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र देकर भूमि पैमाइश को लेकर भ्रामक जानकरी देने की शिकायत कर अनुश्रवण समिति को सन्दर्भित करने की मांग की थी और पूर्व में उपलब्ध कराई गई जानकारी पर प्रश्नचिन्ह लगाए थे। 11 जुलाई को डीएम ने इस मामले में जांच पैमाइश और सीमांकन के लिए चार सदस्य टीम का गठन किया। टीम में उप संचालक चकबंदी अमरोहा को अध्यक्ष व एसडीएम धनौरा, तहसीलदार धनौरा और बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अमरोहा को सदस्य नामित किया गया था। डीएम ने समिति को एक सप्ताह के भीतर गाटा संख्याओं का सीमांकन कराते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को डीएम के आदेश पर समिति कार्यवही को मौके पर पहुंची यहां ड्रोन कैमरे की निगरानी में सुबह करीब 10 बजे से देर शाम तक पैमाइश और सीमांकन की कार्यवाही चली। इस दौरान डीएम निधि गुप्ता, एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, चकंबन्दी अधिकारी, अवर अभियंता प्रशांत कुमार, समेत तमाम प्रशाशनिक अमला मौजूद रहा



# अखिलेश यादव व मायावती ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा से सकुशल वापसी पर हर्ष व्यक्त किया है।

उन्होंने शुभांशु शुक्ला के माता-पिता, परिवारजनों और समस्त देशवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। शुभांशु शुक्ला का स्पेसक्राफ्ट आज कैलिफोर्निया के समुद्र में सुरक्षित स्प्लैश डाउन हुआ। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश को शुभांशु शुक्ला की इस सफलता पर गर्व है। अखिलेश यादव ने स्मरण किया कि शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने के बाद उन्होंने लखनऊ के त्रिवेणी नगर स्थित उनके परिवारजनों से भेंट की थी। यह गौरवपूर्ण क्षण उनके परिवार के साथ-साथ पूरे देश के लिए सम्मान का विषय है। उधर भारत के युवा वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सकुशल धरती पर वापसी के बाद पूरे देश में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। अंतरिक्ष में विभिन्न महत्वपूर्ण





अध्ययनों को पूरा कर लौटे शुभांशु की सफलता को प्रेरणादायी बताते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उन्हें तथा उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया संदेश में मायावती ने लिखा कि शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी की खबर देश के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरक और उत्साहवर्धक है। उन्होंने लखनऊ निवासी शुभांशु शुक्ला, उनके परिवार और सभी वैज्ञानिकों एवं उनकी संस्थाओं को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। मायावती ने आशा जताई कि इस तरह के वैज्ञानिक अभियानों और अनुभवों से देश की करोड़ों जनता को लाभ मिलेगा।

मायावती के अनुसार, देश के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि से भारत का सम्मान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है और यह देश के युवाओं में विज्ञान और अनुसंधान के प्रति उत्साह का संचार करेगा। दूसरी ओर अंतरिक्ष मिशन पर गए भारतीय वैज्ञानिक के कैलिफोर्निया तट पर ड्रैगन कैप्सूल के जरिए सफलतापूर्वक समुद्र में 'स्प्लैश डाउन' के बाद भारत में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक सफलता पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह साहसिक अंतरिक्ष यात्रा भारत के लिए गर्व का क्षण है। सुनील सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि सुरक्षित लौटने की खबर ने पूरे भारतवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। उनका यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान, अनुसंधान और खोज के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक प्रेरणादायक क्षण है। लोकदल अध्यक्ष ने वैज्ञानिक को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि देश ऐसे वीर वैज्ञानिकों के परिश्रम और समर्पण को हमेशा याद रखेगा।

# भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट चुके हैं।

जल जीवन मिशन से लेकर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तक में लूट मची है। बारिश शुरू होते ही सात हजार करोड़ की लागत वाला लिंक एक्सप्रेसवे दरक गया, चित्रकूट में पुल का अप्रोच धंस गया। अखिलेश यादव ने कहा कि हर विभाग में कमीशनखोरी का बोलबाला है। ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर इंवेस्ट यूपी तक भ्रष्टाचार हावी है। राजधानी लखनऊ में हल्की बरसात में ही नाले उफनने लगते हैं। ठाकुरगंज में खुले नाले में गिरने से सुरेश लोधी की मौत को उन्होंने भाजपा सरकार की संवेदनहीनता बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी और विकास के दावों का भंडाफोड कर देगी।

### स्थानांतरण के बाद भी वजीरगंज ब्लॉक में डटे हुए हैं लेखाकार

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज ब्लाक में वर्षों से तैनात लेखाकार का तीन माह पूर्व स्थानांतरण के बावजूद वह ब्लाक में जमा हुआ है। रसूख ऐसा कि डीएम व अन्य उच्चाधिकारियों के आदेश को रद्दी में डाल दिया है।बता दें कि, तीन वर्ष से तैनात लेखाकार अरविंद कुमार गुप्ता का स्थानांतरण 28 फरवरी 2025 को छपिया हुआ था व उनके स्थान पर नवाबगंज से नीरज श्रीवास्तव को लेखाकार के पद पर भेजा गया है। दोबारा 13 जून को अरविंद कुमार गुप्ता का स्थानांतरण मनकापुर हो गया है।बावजूद रसूख के बल पर वह आज भी वह ब्लाक में कार्य कर रहा है,जबकि नीरज श्रीवास्तव स्थानांतरण के बावजूद मौजूद हैं। परंतु उनका चार्ज नहीं दिया जा रहा है। लोगों की माने तो लेखाकार कमीशन के मोह में वजीरगंज नहीं छोड़ पा रहा है। वह वजीरगंज छोड़कर नहीं जाना चाह रहे हैं। इसी तरह एपीओ अकील अहमद का भी स्थानांतरण हो चुका है और उनके स्थान पर रुपईडीह ब्लाक से 25 जून को राजेश कुमार सोनी को वजीरगंज भेजा गया। उन्होंने भी कार्यभार तो ग्रहण कर लिया , मगर चार्ज आज तक नहीं मिला है। अब सवाल यह है कि स्थानांतरण के बाद अन्य जगहों से लोग वजीरगंज पहुंचकर महीनो से अपने पोस्ट को ग्रहण करने के लिये इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में प्रभारी खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि परियोजना निदेशक चंद्रशेखर ने अभी दोनों लोगों को रिलीव नहीं किया है।

### विद्यालय में ब्रह्माकुमारी का नशा मुक्ति कार्यक्रम

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज कस्बे के श्री दयानंद आर्य वैदिक इंटर कालेज में ब्रह्माकुमारी की ओर से शिक्षानुष्ठान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रेखा दीदी ने नशा मुक्ति जागरूकता की आवश्यकता के बारे में चर्चा करते हुए उनसे संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। बहन सावित्री दीदी ने शराब, सिगरेट, तंबाकू, मोबाइल आदि से जीवन में इसके नुकसानकारी प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही वैन के माध्यम से विजुअल्स दिखाकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। रिंकू भाई ने इस कार्यक्रम के दौरान क्रिएटिव एक्सरसाइज कराकर बच्चों को उत्साहित किया। बहन कलावती दीदी और आनंद भाई ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन अभ्यास से किसी प्रकार के नशे से मुक्ति संभव है। इस कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने मन में उठ रहे सवालों को पूछकर उनका संतोषजनक जवाब प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के द्वारा प्रधानाचार्य अरुण कुमार कौशल , सुभाष तिवारी , प्रगति तिवारी ,विनय सिंह , दिलावर सिंह समेत शिक्षकों को पत्रक व कैलेंडर वितरित किया गया।

# ममता के नाम पर कलंक : बेटी को मारकर प्रेमी संग जिंदगी सजाने चली मां

## पति को फंसाने की थी साजिश, लखनऊ पुलिस ने की बेनकाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मां-बेटी का रिश्ता प्रकृति का सबसे पवित्र रिश्ता माना जाता है। पर लखनऊ में इस रिश्ते को उस वक्त खून से रंग दिया गया जब एक मां ने अपनी सात साल की मासूम बेटी को बेरहमी से गला दबाकर मार डाला।

वजह? अपनी ख्वाहिशों की खातिर। शादी से उकताकर प्रेमी के साथ जिंदगी बसानी थी और रास्ते का सबसे बड़ा रोड़ा पति को ठहराया गया।उसे रास्ते से हटाने को झूठी कहानी गढ़ी गई, लेकिन बंथरा थाना पुलिस की सतर्कता ने पूरे षड्यंत्र की पति शाहरुख खान से अलग होकर करीब एक साल से उदित जायसवाल के साथ लिव-इन में रह रही थी। शादी में पहले ही खटास थी, रिश्ते टूट चुके थे, लेकिन बच्ची सोनिया मासूम भावनाओं के साथ मां के साथ ही थी। इस बीच रोशनी ने अपने ससुराल के जेठ, सास और दो ननदों पर झूठे मुकदमे कर उन्हें जेल भेज दिया था। अब निशाने पर खुद का पति था। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात रोशनी खान ने बेटी सोनिया की हत्या कर दी और सुबह 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दी कि उसके पति शाहरुख खान ने बच्ची को मार डाला। केसरबाग पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घटना की शुरुआत में मामला घरेलू विवाद का प्रतीत हुआ। लेकिन थाना प्रभारी और उनकी टीम ने बयानबाजी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया। जांच में जैसे-जैसे पुलिस ने तहकीकात की, मां के बयानों में लगातार विरोधाभास दिखा। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई और रोशनी खान की बातचीत व काल डिटेल्स में प्रेमी उदित जायसवाल की भूमिका भी सामने आई। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो रोशनी टूट गई और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि रोशनी खान प्रेमी के साथ जिंदगी बिताने के लिए पति से पीछा छुड़ाना चाहती थी। पहले उसने जेठ, सास और ननदों को जेल भिजवा दिया। अब पति को फंसाकर जेल भेजने की योजना बनाई। लेकिन इस बार उसने जो खेल रचा वह इंसानियत को शर्मसार कर गया। मासूम बेटी सोनिया को गला घोंटकर मार डाला और झूठी कहानी बनाकर पति को फंसाना चाहा। थाना प्रभारी केसरबाग की सूझबूझ से यह पूरा मामला खुला और आखिरकार हत्यारिन मां सलाखों के पीछे पहुंची। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर रोशनी खान को गिरफ्तार कर लिया है, प्रेमी उदित जायसवाल से पूछताछ जारी है। पति शाहरुख खान, जिस पर झूठा इल्जाम मढ़ा गया था, का बयान भी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बेटी जिसे मां की गोद में सबसे ज्यादा सुरक्षा मिलती है, जब वही गोद कब्रगाह बन जाए तो सोचना बनता है कि समाज किस ओर जा रहा है? रिश्तों की मर्यादा हवस और लालच की भेंट चढ़ गई। रोशनी ने न सिर्फ एक मासूम की जिंदगी छीनी, बल्कि रिश्तों का वो चेहरा दिखाया जो समाज को भीतर तक झकझोर देता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि सतही जांच होती तो शाहरुख खान बिना गुनाह के जेल चला जाता और समाज एक और निर्दोष को खो देता। थाना प्रभारी की सजगता ने इस षडयंत्र का पर्दाफाश कर दिखाया कि प्रेम के नाम पर किसी के भी जीवन से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। लखनऊ की इस दिल दहला देने वाली घटना ने एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर कहां जा रहे हैं हम? क्या रिश्तों की गरिमा इतनी सस्ती हो गई है कि हवस के लिए मासूम जिंदगी मिटा दी जाए? क्या हम इतना नीचे गिर सकते हैं कि जिसे जन्म दिया, उसका ही गला घोंट दें।

# शिक्षा के अधिकार पर हमला कर रही सरकार

## स्कूलों के विलय पर राजधानी में अपना दल कमेरावादी का प्रदर्शन

**शाह टाइम वह ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के जबरन विलय की योजना को लेकर राजधानी में मंगलवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. पल्लवी पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार पर गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी नावेल्टी चौराहा से विधान भवन की ओर बढ़े लेकिन पुलिस ने उन्हें बेरिकेडिंग लगाकर रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। डाक्टर पल्लवी पटेल ने सरकार की 'पेयरिंग स्कीम' को शिक्षा विरोधी करार देते हुए कहा कि प्रदेश के साढ़े सत्ताईस हज़ार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की तैयारी हो रही है, जो सीधे तौर पर गांव, गरीब, मजदूर और दलित बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तमाम पिछड़े इलाकों में ऐसे छोटे-छोटे विद्यालय गरीब बच्चों के लिए शिक्षा की एकमात्र आशा हैं और इन स्कूलों को बंद करना संविधान में दिए गए शिक्षा के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। दूसरी ओर इसमुद्दे पर सरकार का कहना है कि कम छात्रों वाले स्कूलों को आसपास के बड़े विद्यालयों में विलय कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाई जाएगी और खाली भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। साथ ही सरकार ने यह दावा किया है कि जिन स्कूलों में पचास या उससे अधिक छात्र होंगे, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। लेकिन विरोध करने वाले संगठनों का तर्क है कि इस योजना के लागू होने से हज़ारों बच्चों को शिक्षा के लिए मीलों दूर जाना पड़ेगा, जिससे स्कूल छोड़ने की दर बढ़ेगी और शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी। डाक्टर पल्लवी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को चौपट करने की इस साजिश के खिलाफ उनकी पार्टी सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने एलान किया कि जरूरत पड़ी तो मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा और पूरे प्रदेश में शिक्षा बचाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि शिक्षा के निजीकरण और स्कूलों को बेचने की तैयारी चल रही है, जो गरीबों की शिक्षा छीनने की एक खतरनाक साजिश है। उन्होंने सभी दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और गरीब वर्ग के लोगों से इस आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए गरीबों की शिक्षा के अधिकार की रक्षा की हुंकार भरी। डाक्टर पल्लवी ने कहा कि अपना दल (कमेरावादी) इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगा और शिक्षा बचाने की लड़ाई को गांव-गांव तक पहुंचाएगा।

### दबंगों ने युवक को पीटा, केस दर्ज

**गोंडा।** जिले के वजीरगंज में कादीपुर निवासी अशोक कुमार तिवारी ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि वादी का पुत्र विमल तिवारी कोडर चौराहे पर सामान लेने गया था तभी पूर्व में हुई कहासुनी के विवाद को लेकर विपक्षी मझारा निवासी कमल सिंह व अमरीश सिंह ने अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ डंडे से पिटाई कर दी जिससे वादी के पुत्र विमल तिवारी के सिर में चोट लगने के कारण वो मौके पर ही बेहोश हो गया तथा विपक्षीगणों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया केस दर्ज किया गया है।

# ई-रिक्शा लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की।

पुलिस ने देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैपालापुर निवासी साहवान पुत्र रहीश, सक्सेना वाली गली नैपालापुर निवासी राजन पुत्र रामू और देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलगंज निवासी बबलू पुत्र मनीराम को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर अपराधी हैं, तीनों जहरखुरान है। इनके कब्जे से लूटा गया एक ईरिक्शा, एक पुराना टीन शेड, 2 पुरानी पाइप, 6 पुरानी पाइप वर्गाकार, 2 पुरानी प्लाई व 8 सनमाइका के टुकड़े बरामद हुए है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं बदमाशों ने 11 जुलाई को बेहड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा तथा सामान, एक ई-रिक्शा चालक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्श पिलाकर उसे बेहोश करने के बाद चुराए थे। घटना के संबंध में थाना कोतवाली देहात में केस दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

### हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाने में वर्ष 2015 में इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दामादरपुर निवासी मायाराम पुत्र पहलवान तथा शकुंतला पत्नी पुत्तू के खिलाफ हत्या आदि धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 7 ने सबूत को देखने, गवाहो और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद मायाराम और शकुंतला को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 11000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद दोनों दोषियों को जेल भेज दिया गया है।

# डा. रामाशीष राय के सम्मान में हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रामाशीष राय का लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में भव्य स्वागत किया गया। योगा यूनिवर्सिटी आफ अमेरिका द्वारा हनुमान जी के स्वरूप और शक्तियों पर आधारित शोध के लिए उन्हें मानद डाक्टरेट की उपाधि मिलने के बाद यह पहला दौरा था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गरिमामयी सम्मान किया।

समारोह में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्र सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय महासचिव शिवकरन सिंह ने कहा कि डॉक्टर राय ने अपने कार्य और संगठन क्षमता से रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह सम्मान पूरे संगठन का है। राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने इसे सनातन परंपरा और आधुनिक योग विज्ञान के बीच सेतु बताते हुए कहा कि यह पार्टी की वैचारिक परिपक्वता का प्रतीक है। प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर ने इसे हर कार्यकर्ता की प्रेरणा बताया, तो आदित्य विक्रम सिंह ने डॉक्टर राय को राजनीति के साथ आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा व्यक्तित्व बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीकांत मिश्र ने कहा कि यह सम्मान उन कार्यकर्ताओं के लिए संकल्प है जो समाजसेवा के माध्यम से राजनीति में मूल्यों को जीवित रखना चाहते हैं। धन्यवाद ज्ञापन में डॉक्टर रामाशीष राय ने कहा कि यह उपाधि मेरा नहीं, पूरे संगठन और कार्यकर्ताओं का सम्मान है। मैं अंतिम सांस तक किसान, युवा और समाज के लिए समर्पित रहूंगा। मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि यह केवल शैक्षणिक सम्मान नहीं बल्कि वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो रालोद को नई दिशा दे रहा है। समारोह के दौरान डॉक्टर राय को फूलमालाओं, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मिठाइयां बांटी गईं और उपस्थितजनों ने हर्ष व्यक्त किया। स्वागत करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रबली यादव, प्रदेश महासचिव रामवती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश पाल धनगर, प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, सम्राट चौहान, अफसर अली, विवेक चौधरी, राजकुमार ओझा, मनोज बुधौलिया, महिपाल पटेल, रमेश प्रजापति, मंजू शुक्ला, अनुराधा सिंह, आयशा, शिव प्रसाद द्विवेदी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) गवर्निंग बोर्ड की बैठक की गई। बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी प्रसार एवं किसानों को वैज्ञानिक विधियों से जोड़ने के लिए विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

घ्बैठक में प्रदर्शन कार्यक्रमों, कृषक प्रशिक्षण, एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) के सशक्तिकरण, कृषि यंत्रों के वितरण, आईटी आधारित सेवाओं और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं की जानकारी गांव स्तर तक पहुंचाई जाए और किसानों को उन्नत तकनीकों से जोड़ते हुए उनकी आय वृद्धि सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मोटे अनाज के बीज उन्हीं कृषकों को वितरित किये जायें, जो इसकी बुआई करें। इस बैठक के उपरांत जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति/जिला मिशन समिति की बैठक भी विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में भूमि एवं जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल ही जीवन है, की भावना को केंद्र में रखकर सभी विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से चेक डैम निर्माण, जलग्रहण क्षेत्रों के उपचार तथा वृक्षारोपण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दिए जाने पर बल दिया। बैठक में भूजल स्तर के गिरते आंकड़ों पर चिंता व्यक्त की गई तथा जल संचयन हेतु सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। जल जीवन मिशन, मनरेगा, कृषि विभाग, वन विभाग, पंचायतीराज विभाग, सिंचाई विभाग आदि की जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से जल संरक्षण के कार्यों की ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी निगरानी करें।

### कौशल मेला में दिखी आत्मनिर्भर उप्र की तस्वीर

**लखनऊ (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित भव्य कौशल मेला उत्तर प्रदेश के बदलते स्वरूप की गवाही देता नजर आया। 'कुशल उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' थीम के साथ आयोजित इस मेले में सौ से अधिक स्टाल्स के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा, हुनर और नवाचार की झलक देखने को मिली। हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रानिक्स और स्थानीय खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी में ग्रामीण युवतियों से लेकर शहरी नवप्रवर्तनकर्ताओं तक की भागीदारी रही। साफ्ट स्किल्स की कार्यशालाओं से युवाओं को इंटरव्यू स्किल्स, पर्सनालिटी ग्रूमिंग और नौकरी प्राप्ति के गुर सिखाए गए।

# सआदतगंज में बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला, एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के थाना सआदतगंज क्षेत्र में बुधवार को बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर स्थानीय लोगों ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बिजली विभाग के संविदा कर्मी और लाइनमैन को लाठी डंडों से दौडाकर पीटा गया। कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर जान बचाई।

बिजली विभाग की टीम इलाके में बकाया बिल और अवैध कनेक्शन की जांच के लिए गई थी। संविदा कर्मी लाइन मैन कुशल इंदर बहादुर सहित उनकी टीम उपभोक्ता के खिलाफ बकाया बिल के चलते कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने गयी थी। इसी दौरान मोहल्ले के करीब पंद्रह लोगों ने टीम को घेर लिया और अचानक हमला बोल दिया। हमला अचानक हुआ लाइनमैन को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। हमले की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर-बितर किया। घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बिजली विभाग की टीम में मौजूद अन्य कर्मियों ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना को लेकर सआदतगंज थाने में नामजद तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 18 जुलाई से शुरू होगा पंचायत चुनाव मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण अभियान

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा: बीएलओ करेंगे घर-घर सर्वेक्षण, 18 वर्ष से ऊपर के नए मतदाता जोड़े जाएंगे, पांच दिसम्बर को अन्तिम सूची का प्रकाशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) संजय चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार अमेठी जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण सम्पन्न कराया जाएगा, जिसमें दिनांक 18 जुलाई 2025 से 13 अगस्त 2025 तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही, बीद्ध एलद्धओद्ध एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण उपर्युक्त दोनों कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेंगी, दिनांक 14 अगस्त 2025 से 29 सितंबर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे),आनलाइन आवेदन करने की अवधि, 14 अगस्त 2025 से 22 सितंबर 2025 तक, आनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच करने की अवधि, 23 सितंबर 2025 से 29 सितंबर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि, 30 सितंबर 2025 से 6 अक्टूबर 2025 तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) 7 अक्टूबर 2025 से 24 नवंबर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र / स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि, 25 नवंबर 2025 से 4 दिसंबर 2025 तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन, 5 दिसंबर 2025, आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण, 6 दिसंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियों प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किये जाएंगे) 6 दिसंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण, 13 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर 2025 तक, दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि, 20 दिसंबर 2025 से 23 दिसंबर 2025 तक, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही, 24 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक, पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र / स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि, 9 जनवरी 2026 से 14 जनवरी 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन,15 जनवरी 2026 को किया जाएगा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा, निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारिणी अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ायी जाएगी।

# वसूली कार्य में लापरवाही न बरतें : एडीएम

## कांवड़ मार्ग को दुरुस्त करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज 11:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय एवं नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में कांवड़ मार्ग को पूरे मानक के अनुसार दुरुस्त करना सुनिश्चित करें, किसी भी स्थान पर गड्ढे अथवा जल भराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित कराएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 15 वित्त आयोग में आवंटित धनराशि के सापेक्ष जिन नगर निकायों द्वारा कुछ भी व्यय नहीं किया गया है, का कारण स्पष्ट करें तथा नियम अनुसार आवंटित बजट को व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को यह भी निर्देश दिए कि जिन नगर निकायों में चारागाह की भूमि मौजूद है, वहां पर संपूर्णना घास, नेपियर घास अथवा कोई भी हरा चारा नियमित रूप से उगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि नगर निकायों में स्थापित गौशालाओं में मौजूद गौवंशों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था हो सके।

वसूली कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों को प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए छापामार कार्यवाही करें और जब्त की गई पॉलिथीन आदि को नियम अनुसार नष्ट भी करें और संबंधित पर दंड भी रोपित करें। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त योजना से संबंधित जो भी कार्यवाही नगर पालिका स्तर पर लंबित है, आज शाम तक उसका शत-प्रतिशत रूप से उसका निस्तारण करते हुए आख्या डूडा कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक के सभी बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकाय क्षेत्रों में जो बड़े-बड़े कार्य लंबित हैं, उनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यथाशीघ्र उनको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकाय क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे का निधन

**नजीबाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे नेता के निधन पर तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा डालते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके लिए दुआ ए मगफिरत की। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व जिला महासचिव श्रीमती दयावती, पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तय्यब, पूर्व उपाध्यक्ष सुलेमान खान, अमजद सिद्दीकी, सचिव खालिक हुसैन, जसविंदर सिंह, शक्ति रॉय, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नावेद फरीदी, पूर्व उपाध्यक्ष फैज अहमद, युवा नेता फैसल, अरबाज दुर्रानी, भूपेंद सिंह, खालिद हुसैन, मुदस्सर खान, सुचित्रा देवी, राहुल कुमार, यास्मीन बेगम आदि अनेकों कांग्रेसियों ने शिरकत की और अफसोस व्यक्त किया। नगर अध्यक्ष शजर तय्यब ने कहा कि कांग्रेस परिवार दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फोन करके दुख व्यक्त किया।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम और डा. मनोज वर्मा के बीच विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** संभल स्थित कल्कि धाम के प्रमुख संत और समाज में अपने बेबाक विचारों के लिए आचार्य प्रमोद कृष्णम सोमवार को ताजपुर में समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा से मिले। यह मुलाकात बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

आचार्य प्रमोद कृष्णम सोमवार को भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए हुर्रनंगल पहुंचे थे। वापस लौटते समय वे ताजपुर में टिल्लू त्यागी के आवास पर कुछ समय के लिए रुके, जहां समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा भी उनसे मिलने पहुंचे। करीब दस मिनट चली इस मुलाकात में दोनों के बीच समाज, धर्म और राष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने डॉ. वर्मा को कल्कि धाम आमंत्रित भी किया और भविष्य में समाजहित में मिलकर कार्य करने की इच्छा जताई। डॉ. मनोज वर्मा ने बातचीत में बताया कि आचार्य प्रमोद कृष्णम देश में धर्म और राष्ट्रहित के कार्यों को लेकर सतत सक्रिय हैं। वे हमेशा समाज में सद्भाव और राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं। डॉ. वर्मा ने कहा आचार्य जी का मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।



यह भी उल्लेखनीय है कि डॉ. मनोज वर्मा की आचार्य प्रमोद कृष्णम से वर्षों पुरानी आत्मीयता है। जब भी आचार्य प्रमोद कृष्णम इस क्षेत्र में आते हैं तो वे डॉ. वर्मा से भेंट किए बिना नहीं जाते। डॉ. मनोज वर्मा न सिर्फ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय हैं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा के क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनकी सादगी, मिलनसारिता और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता ने उन्हें क्षेत्र में अलग पहचान दिलाई है। वे हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और युवाओं के हित में कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस आत्मीय भेंट ने क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है और समाजसेवा व राष्ट्रहित के कार्यों के लिए नई ऊर्जा का संचार किया है।

# मिनी मेट्रो की चपेट में आकर बालक गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासूचन्द में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में एक मासूम बालक मिनी मेट्रो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम निवासी रियासत अलवी का बेटा सुफियान बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वह मौहल्ले की गली में पहुंचा, अचानक एक मिनी मेट्रो वहां से गुजरी और सुफियान उसकी चपेट में आ गया। हादसे में सुफियान सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उसे धामपुर के

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

हादसे के बाद ग्राम में दहशत का माहौल है और परिजन बच्चे के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोग गली में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पौराणिक घाटों पर गंगा अवतरण की मांग

## गंगा सुधार समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा सुधार समिति ने जिलाधिकारी को दिए गए एक ज्ञापन में विदुर कुटी तथा पौराणिक घाट गंज में गंगा की धारा लाने की मांग की है।

गौरतलब है कि लगभग 35 सालों से विदुर कुटी व गंज के पौराणिक घाटों पर गंगा की दूरी बैराज बनने के बाद लगभग तीन किलोमीटर हो गई तभी से ये पौराणिक स्थल वीरान पड़े हैं। तीन दशक पूर्व इन जगहों पर 12 महीने श्रद्धालुओं के आने से रौनक रहती थी। दो वर्ष पहले बिजनौर में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा की धारा विदुर कुटी पौराणिक घाट पर लाने की घोषणा की थी पर वह भी घोषणा तक ही सीमित रह गई।

पौराणिक घाट तथा महाभारत कालीन विदुर आश्रम गंगा के दूर जाने के कारण उत्पन्न सुनापन देख



श्रद्धालुओं में निराशा व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों से जिला प्रशासन द्वारा भी गंगा की धार विदुर आश्रम तथा पौराणिक घाटों पर लाने के लिए काफी प्रयास किए गए पर प्रदेश व केंद्र स्तर के नकारात्मक रुख के चलते योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका।

विगत कई वर्षों से गंगा सुधार समिति तथा जिला पंचायत विभाग द्वारा ऐतिहासिक छड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्यूबवेल पंप से हर वर्ष नहाने की व्यवस्था कराई जाती है। इस मेले में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस मामले में रुचि लेते हुए कहा कि वह अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगी। तथा गंज के पौराणिक घाटों की स्थिति को देखने भी जाएंगी। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में विकास अग्रवाल, नरेंद्र कुमार मारवाड़ी, कौशल अग्रवाल, नीरज शर्मा, डॉ. सत्येंद्र शर्मा रहे।

# दुकान में घुसे चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** चोरों ने दिनदहाड़े नांगल-चंदक मार्ग के किनारे स्थित एक दुकान में घुसकर गल्ले का लॉक तोड़ दिया, मगर गल्ले में धनराशि न होने पर भाग खड़ा हुआ। गल्ला तोड़ने वाले युवक की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर निवासी मिथुन कुमार पुत्र अशोक कुमार की दुकान सिद्धांत बीज भंडार के नाम से नांगल-चंदक मार्ग के किनारे घर के बाहरी हिस्से में स्थित है। बगल में उसके भाई एवं किसान नेता अरुण कुमार का मेडिकल स्टोर भी स्थित है। सोमवार को अपराह्न 3 बजे मिथुन दुकान का शटर डाउन करके पीछे की तरफ घर में भोजन करने गया था। उस समय मेडिकल स्टोर भी बंद था। तभी एक युवक वहां आया, इधर - उधर देखा और शटर को उठाकर दुकान के अन्दर घुस गया। उसने कमर की तरफ हाथ

## गल्ले में कुछ न मिलने पर भागा

ले जाकर पेंचकस निकाला और गल्ले का लॉक तोड़ दिया। उसने गल्ले को बाहर खींचकर अन्दर झांका , मगर उसमें कोई धनराशि नहीं थी। इस पर चोर युवक दुकान से निकलकर भाग गया। मिथुन लगभग 20 मिनट बाद भोजन करके वापस दुकान पर आया, तो शटर को ज्यादा खुली हुई देखकर उसका माथा ठनका। अंदर जाकर देखा , तो गल्ला भी बाहर निकला हुआ था। चोर युवक की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मिथुन के बड़े भाई किसान नेता अरुण कुमार ने घटना की सूचना फोन पर नांगल थाना प्रभारी को दी। सूचना पर हलका दरोगा सुनील पूनिया मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल की।

# कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के आने जाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था

## प्रधान अध्यापक की हो रही सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** कंपोजिट विद्यालय हिलालपुर बहावलपुर के प्रधान अध्यापक मोहम्मद असलम ने स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को बेहतर व्यवस्था प्रदान करते हुए अपने स्तर से अपनी जेब खर्च पर कुछ ई-रिक्शाओं की व्यवस्था की है जिनके द्वारा स्कूल आने जाने वाले बच्चे समय पर स्कूल आ जा सकेंगे।

विद्यालय के प्रधान अध्यापक मोहम्मद असलम का कहना है कि यह व्यवस्था मेरे और मेरे शिक्षक स्टाफ के सहयोग से इसी शिक्षा सत्र से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके स्टाफ के सहयोग से की गई इस बेहतर व्यवस्था से स्कूल में आने-जाने वाले बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे और अपने स्कूल और घर आ जा सकेंगे। क्षेत्र में एक अनोखी और पहली ऐसी अच्छी व्यवस्था को देख और जानकर ग्रामीणों व क्षेत्रभर में प्रशंसा की जा रही है। इस बारे में मोहम्मद असलम का कहना है कि मैं चाहता हूं कि मेरे स्कूल में आने वाले बच्चे सुरक्षित रहें और सुरक्षित अपने घर और स्कूल आ जा सके। उन्होंने बताया कि समय-समय पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पौधारोपण कार्य कराया जाता है। विद्यालय में बच्चों को स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ योग भी कराया जाता है।

# बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन

## निर्यात योग्य बासमती धान को मिलेगा बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर कृषकों के साथ बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ-साथ कुल 50 तकनीकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें नगीना के अलावा जनपद भर के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर तैनात कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों में निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में नवीनतम तकनीकी का सजीव प्रदर्शन किया



जाता है। इस वर्ष खरीफ 2025 में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा केंद्र के तकनीकी पार्क में निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ-साथ कुल 50 नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। तकनीकी प्रदर्शन में 35 प्रजातीय प्रदर्शन, 03 धान की सीधी बुवाई तकनीक, 03 खरपतवार नियंत्रण, धान की फसल में कीट एवं बीमारी प्रबंधन पर 05 तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर प्राकृतिक खेती तकनीकी से बासमती धान का उत्पादन का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनों पर समय-समय पर कृषक भ्रमण कर नवीनतम तकनीक से लाभान्वित होते रहते हैं।

## एक नजर

### बाइक सवार युवक पर हमला

**नहटौर।** शुगर मिल से काम करके वापस घर लौट रहे बाइक सवार पर रास्ते में चार नकाबपोश बाइक सवारों ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। ग्राम हरपुर निवासी सोनू (35 वर्ष) पुत्र राम किशन बिलाई शुगर मिल में वेल्डिंग का काम करता है। बताया जाता है कि वह काम करके सोमवार की रात करीब नौ बजे बाइक से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान अकबरपुर और हमीदपुर के बीच तिराहे पर चार से पांच बाइक सवार नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करते हुए बुरी तरह से घायल कर दिया। हमला करने के बाद युवक बाइकों से फरार हो गए। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है।

### छात्राओं के लिए एक दिवसीय शिविर



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में नारी गांधी कल्याण समिति एवं एनएसएस छात्रा इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्त अल्पता के टेस्टो द्वारा होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी दी गई और निशुल्क दवा वितरित की गई। प्राचार्या डॉ. रश्मि रावल ने बताया को गंभीर बीमारियों की जानकारी दी और कहा कि उचित आहार और टेस्ट के द्वारा अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सकता है। डॉ. प्रीति विश्नोई ने छात्राओं को बताया कि आप लोग खानपान में पौष्टिक खाने की चीजों का सेवन करें। फास्ट फूड आदि बिल्कुल ना खाएं। स्वास्थ्य शिविर में आयरन कैल्शियम मल्टी विटामिन आदि की दवाई निशुल्क वितरित की गई। छात्राओं में करिश्मा, संजना, रिया, कृतिका, रितिका, सुष्मिता, अमन, कहकशां नाज, दीप, पूजा, प्रिया, अलीना आदि ने इस प्रकार के शिविर की सराहना की और छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में नीरा गोयल, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया, डॉ. भारती चौहान, सुमेधा चौहान, डॉ. अनुपम विश्नोई, विनोद शर्मा, मीनू रानी आदि शामिल रहीं।

### विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन



**बिजनौर।** विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मुख्य अतिथि डॉ. हरि सिंह ढिल्लो (सदस्य विधान परिषद) बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सम्बोधित करते हुये कहा गया कि वर्तमान सरकार उ.प्र. कौशल विकास विभाग को बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े काम कर रही है। इसी की बजह से रोजगार मेले में बड़ी-बड़ी कम्पनियों द्वारा युवाओं को सेवायोजित किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम मंजुल मयंक प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर की अध्यक्षता में आईटीआई कैम्पस में आयोजित किया गया। जिसका संचालन राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक राजकीय आईटीआई बिजनौर द्वारा किया गया, विश्व युवा कौशल दिवस में आंचल कुमार प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नजीबाबाद, विशाल राठी जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर, मारकण्डे चौरासिया (एमआईएस मैनेजर), रोहिताश्व कुमार पाण्डे (एमआईएस मैनेजर), कौशल विकास मिशन, धर्मेन्द्र कुमार, सेवा सिंह ढिल्लो, धीर सिंह, अर्जुन सिंह, विमल कुमार चन्दुला, महा प्रबंधक मोहित पेपर मिल, किशन लाल प्रधानाचार्य, किसान निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गंज एवं प्रतिनिधि समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्वास्थ्य सुधार जागरूकता कार्यक्रम में 11 कुपोषित बच्चों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चिन्हित 11 कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हेतु नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र धामपुर से डॉ. राहुल देव एवं डॉ. अनीता द्वारा सभी बच्चों की विस्तारपूर्वक जांच की गई।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी



कार्यकत्रियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, लिपिक नितिन अग्रवाल तथा विकास गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों एवं आंगनबाड़ी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। शिविर के अंत में अभिभावकों को संतुलित आहार, साफ-सफाई और नियमित जांच के महत्व को लेकर भी जागरूक किया गया।

# मनोरे मियां के निधन पर शोक

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी शरीफ अहमद उर्फ मनोरे मिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने और उनके परिवार जनों को सब्र - ए - जमील अता करने की दुआ की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम अकरम खां एड. ने बताया कि मनोरे मिया कांग्रेस के कर्मठ एवं समर्पित सिपाही थे तथा उनका इंतकाल पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोकसभा में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., एम अकरम खां एड, फराज हुसैन एड., वसीम अख्तर, शारिब अंसारी एड., रिहान जमाल अंसारी, फैज अंसारी एड., शाही दिलशाद, अमजद सिद्दीकी, हिफजुर्रहमान फरीदी, गोविंद सिंह कुशवाहा, रिहान नवाज एड., वसीम अहमद, शारिक अहमद आदि रहे।

# एमएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के एम.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया। कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इनफॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुनः सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। एम.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। एम.एड. विभागाध्यक्ष श्री एम.एस. अंसारी ने बताया कि एम.एड द्वितीय वर्ष में नीता पाल ने 79.34 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कुमारी चंचल ने 78.54 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शीतल कुमारी ने 77.54 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता डा. दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने के लिए कृषि विभाग जनपद बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज पीएचसी प्रभारी डॉ. निराला के दिशा निर्देश में ग्राम भूतपुरी में भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया।

सोमवार को ग्राम मौहम्मदपुर राजोरी इस्लामनगर पंचायत घर पर कृषि विभाग बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विशेष संचारी रोगों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें चूहों व चकचुंदर से फैलने वाले रोगों के बारे में लोगों को बताया, डेंगू मलेरिया वह दिमागी बुखार के बारे में भी जानकारी दी। एटीएम कृषि विभाग अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने बताया कि अपने घरों के आसपास सफाई रखें। गंदगी न होने दे। जिससे चूहों व छछूंदर से



बचाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि इनसे स्क्रब टायफस नामक बीमारी फैलती है।

इसकी रोकथाम के लिए जिंक फास्फाइड नामक दवाई कृषि स्टोर पर उपलब्ध है। इन्हें चावल व केले में मिलाकर रखें। जिससे छछूंदर व चूहों से बचा जा सकता है। साथ ही किसान फार्मर रजिस्ट्री में गड़बड़ी होने पर तुरंत जन सेवा केंद्र पर जाकर सही करा लें। सरकार द्वारा जारी किसान निधि व सम्मान योजना सही समय पर मिल सके। इसके लिए लेखपाल व कृषि विभाग में जाकर शुद्धिकरण करा ले। बैठक में डॉ. सर्वेश निराला, ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, समाज कल्याण विभाग की सहायक विकास अधिकारी प्रियांशी चौहान, ग्राम प्रधान सुभाषचन्द्र, मुकेश कुमार शर्मा, भूदेव, मुन्नी, सुनीता, पूनम देवी, बबीता देवी, राजकुमारी, अर्चना, दिनेश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# शिक्षक और लिपिकीय संवर्ग में नियुक्ति प्रक्रिया में देर न हो: योगी

**● शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर स्थित मां विध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय तथा मुरादाबाद स्थित गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपति भी उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की वेबसाइट का विमा. चन किया। उन्होंने कहा कि इन नवस्थापित विश्वविद्यालयों को केवल शैक्षणिक परिसर न मानकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस व्यापक विजन का विस्तार समझा जाए, जिसमें हर जिले के युवाओं को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक और सुलभ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य समाहित है। यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को क्षेत्रीय असंतुलन से मुक्त करेगी, बल्कि उसे अधिक समावेशी और न्यायसंगत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में भी निर्णायक सि( होगी। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए निर्देश दिए कि पहले चरण में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन और कुलपति निवास का निर्माण हर हाल में समय से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। दूसरे चरण में छात्रावासों और आवासीय भवनों के निर्माण को गति दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्थलों पर कम से कम 500 श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित हो, ताकि कार्यों की गति और गंभीरता बनाए रखी जा सके। तीनों विश्वविद्यालयों के सुचारु संचालन हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूर्णकालिक रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्त नियंत्रक की तैनाती तत्काल की जाए। किसी भी महत्वपूर्ण पद पर अतिरिक्त प्रभार अथवा संबं( करण की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही लिपिकीय संवर्ग की नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब आरंभ की जाए, अन्यथा कार्य संच. ालन प्रभावित होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर पद सृजन की प्रक्रिया पूरी कर विज्ञापन जारी किया जाए और शीघ्र चयन की कार्यवाही प्रारंभ हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विश्वविद्यालयों को गैर वेतन मद में आवश्यक धनराशि निर्गत की जाए तथा कुछ स्मार्ट क्लासेज और थिएटर रूम भी विकसित किए जाएं। योगी ने कुलपतिगणों से कहा कि सम्ब( महाविद्यालयों के अतिरिक्त इस बार से विश्वविद्यालय परिसर में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करें। इसके लिए आवश्यक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था भी कर ली जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालयों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर की परियोजना की कुल स्वीकृत राशि 163.52 करोड़ रुपये है, जिसमें से 83.47 करोड़ की धनराशि अब तक निर्गत की जा चुकी है। परियोजना का कार्य सात जून 2024 को प्रारंभ हुआ है और इसे दिसम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। मां विध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर की परियोजना का कुल अनुबंध मूल्य 154-15 करोड़ रुपये है, जिसमें से 88-53 करोड़ रुपये की राशि अब तक अवमुक्त की जा चुकी है।

## उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 29.6 लाख करोड़ के करीब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2024-25 में 29-6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2020-21 की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास संरचना और राजस्व्ोतों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब केवल आंकड़ों की प्रगति नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर बदलाव का प्रमाण बन चुकी है। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, राज्य की सकल घरेलू उत्पाद 2024-25 में 29-6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2020-21 की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 8-4 प्रतिशत से बढ़कर 8-9 प्रतिशत हो गई है। मुख्यमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में ठोस उपलब्धि बताया, साथ ही यह भी कहा कि हमें 2026 तक 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर अभी से ठोस रणनीति बनानी चाहिए।

# घरेलू बायोगैस यूनिट से एलपीजी खपत 70 फीसदी घटेगी

## यूपी में हो रही ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत एक नई योजना की शुरुआत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत एक नई योजना की शुरुआत हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और ऊर्जा-संपन्न बनाया जाएगा। इस योजना से न केवल घरेलू रसोई गैस की खपत में भारी कमी आएगी, बल्कि जैविक/ प्राकृतिक खाद के उत्पादन से कृषि को भी नई दिशा मिलेगी।

उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डा. अनुराग श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना से रसोई में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी की खपत में करीब 70 प्रतिशत तक की कमी आएगी। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होने बताया कि सरकार की योजना है कि केवल गोशालाओं तक सीमित न रहते हुए यह मॉडल किसानों के दरवाजे तक पहुंचे। बायोगैस यूनिटों की स्थापना सीधे किसानों के घरों या खेतों के पास की जाएगी, जिससे वे स्वयं के उपयोग के लिए गैस और खाद दोनों का उत्पादन कर सकें। इससे खेती की लागत में भारी कमी आएगी और उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस योजना को मनरेगा से भी जोड़ा गया है, जिसके तहत ग्रामीण किसानों को व्यक्तिगत पशुशाला (इंडिविजुअल कैटल शेड) निर्माण का लाभ मिलेगा। इन पशुशालाओं से उत्पादित गोबर का उपयोग बायोगैस यूनिट में कर किसान खुद की रसोई के लिए गैस बना सकेंगे। साथ ही, इससे निकलने वाली स्लरी को वे आसपास के जैविक खेती करने वाले किसानों को बेचकर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे वे गैस व खाद दोनों में आत्मनिर्भर बनेंगे। सरकार 43 चयनित गोशालाओं में बायोगैस और जैविक खाद संयंत्रों को चालू करने जा रही है। इन संयंत्रों से न सिर्फ गैस का उत्पादन होगा, बल्कि गोबर से तैयार स्लरी से जैविक/प्राकृतिक खाद भी बनेगी। हर गोशाला से प्रतिमाह 50 क्विटल स्लरी तैयार होने की संभावना है, जिसे आसपास के किसान उपयोग में ला सकेंगे। इस योजना से एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। संयंत्रों के संचालन, रखरखाव, खाद वितरण, तकनीकी सहायता जैसे कार्यों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार यह मॉडल 'आत्मनिर्भर ग्राम, सशक्त किसान' के सपने को साकार करेगा। मुख्यमंत्री का ग्राम-ऊर्जा मॉडल उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित होगा। जैविक खेती, स्वच्छ ऊर्जा और स्थानीय रोजगार सृजन की त्रिस्तरीय रणनीति के तहत यह योजना ग्रामीण विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# पुनर्जीवित हुई नून नदी, लौटी हरियाली और पहचान

**● पूरी तरह खत्म हो चुकी नदी अब जलधरा बनकर फिर से जीवन देने लगी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/कानपुर।** कानपुर नगर की सूख चुकी नून नदी अब दोबारा बहने लगी है। एक समय जो नदी पूरी तरह खत्म हो चुकी थी, नक्शे से गायब, गाद से भरी, अतिक्रमण से दब चुकी थी, वह अब जलधारा बनकर फिर से जीवन देने लगी है।

नदी के पुनर्जीवन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता का बड़ा योगदान है, जिन्होंने 'एक जिला एक नदी' पहल के माध्यम से राज्य की मृतप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने का बीड़ा उठाया। मुख्यमंत्री की सोच ने यह साबित कर दिया कि परिवर्तन की सबसे बड़ी धारा संकल्प से निकलती है और यही नून नदी की असली कहानी है। नून नदी का यह पुनर्जागरण न केवल कानपुर नगर के लिए, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन चुका है। नून नदी, जो कभी बिल्हौर, शिवराजपुर और चौबेपुर के खेतों को सींचती थी, बच्चों के खेल की साक्षी थी और ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न हिस्सा थी वह नदी उपेक्षा की शिकार हो चुकी थी। न तो उसमें पानी बचा था, न कोई पहचान। अतिक्रमणों और गाद ने धारा को पूरी तरह बंद कर दिया था। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के नेतृत्व में इस कार्य को एक सरकारी योजना से अधिक जनभागीदारी अभियान बनाया गया। 48 किमी लंबी नून नदी का पुराना रास्ता खोजने में राजस्व अभिलेख, ग्रामीणों की यादें, ड्रोन सर्वेक्षण और सैटेलाइट इमेज का सहारा लिया गया। स्थानीय बुजुर्गों ने बताया कि कहां से बहती थी नदी, और कैसे गायब हो गई। इसके बाद मनरेगा योजना के तहत सफाई, खुदाई, गाद निकासी और तटबंध निर्माण का कार्य आरंभ हुआ। इसके तहत करीब 6,000 श्रमिकों ने 58 ग्राम पंचायतों से मिलकर करीब 23 किलोमीटर की खुदाई और सफाई का कार्य किया। मशीनों की जगह श्रमिकों के श्रम का उपयोग किया गया।

## एक नजर

### पुलिस की पिटाई से आहत युवक ने फांसी लगाई, दो सिपाही लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के आदर्श थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र में पुलिस की कथित पिटाई और रिश्वत लेने से आहत युवक ने फांसी की लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में दो सिपा. हियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के नगला छेदा गुतासी निवासी दिलीप कुमार का अपनी पत्नी नीरज के साथ विवाद हो गया था, जिसकी शिकायत नीरज ने पुलिस से की। इस मामले को लेकर पुलिस ने दिलीप कुमार को पुलिस चौकी बुलाया तो वह अपने पिता राम रहीश के साथ पुलिस चौकी समझौते के लिए पहुंचा। रामरहीश का आरोप है कि सिपाही यशवंत यादव ने उनसे 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग की, फिर सिपाही महेश उपाध्याय उसके पुत्र को अंदर ले गए और पिटाई की। बाद में 40 हजार रुपये लेकर समझौता कराया गया। उन्होने कहा कि इस घटना से आहत होकर दिलीप कुमार ने सोमवार- मंगलवार की रात्रि में किसी समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे आज सुबह फांसी के फंदे पर लटका पाया। मृतक ने सुसाइड नोट में अपने ससुर बनवारी, साला राजू तथा आलू पुर निवासी रजनेश राजपूत तथा हथियापुर पुलिस चौकी के सिपाही यशवंत यादव तथा महेश उपाध्याय को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने तत्काल प्रभाव से दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गंगा उफान पर, नावों और मोटर बोट से गंगा आरती देखने पर प्रतिबंध

**वाराणसी।** सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर नाव और मोटरबोट से गंगा आरती देखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। केंद्रीय जल आयोग के रिपोर्ट के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रति घंटे चार सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण सभी प्रकार की नावों और मोटर बोट पर प्रतिबंध के साथ बैठकर गंगा आरती देखने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जल पुलिस राजकिशोर पांडेय ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है। ऐसे में बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन को भक्तों भीड़ उमड़ रही है। घाटों का संपर्क आपस में पूरी तरह से टूट गया हैं। नावों और मोटर बोट के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। गंगा आरती के समय कोई भी श्रद्धालु नाव से बैठकर आरती न देखे इसको लेकर भी रोक लगा दिया गया है। हरिश्चंद्र घाट जलमग्न होने के कारण शवदाह गलियों में किया जा रहा है। मणिकर्णिका घाट पर शवदाह छतों पर हो रहा है। सुरक्षा को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें लगातार गंगा में गश्त कर रही हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा के किनारे सरसौल, गौरा, मुरीदपुर समेत कई तटवर्ती गांवों में सब्जियों की खेती डूब गई है। ढाब इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ रहा है।

### संगम के पवित्र जल ने किया लेटे हनुमान जी का अभिषेक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश के बीच प्रयागराज में त्रिवेणी का जल संगम क्षेत्र में लेटे बड़े हनुमान मंदिर के गर्भगृह में पहुंच गया है। गंगा और यमुनां नदियों का जल मंगलवार को दोपहर बाद गर्भ गृह में पहुंच गया और पावन नदियों ने बड़े हनुमान जी को अभिषेक किया। बड़े हनुमान मंदिर के गर्भगृह में गंगा और यमुना का जल आना शुभ माना जाता है, गर्भगृह में गंगा और यमुना का जल पहुंचने के बाद विधि विधान से मंदिर में पूजा अर्चना और आरती की गई। मंदिर के महंत बालवीर गिरी ने कहा कि मंगलवार के दिन गंगा और यमुना का जल मंदिर में प्रवेश करने से इसका महत्व और भी बढ़ गया है। मां गंगा और यमुना के साथ साथ बड़े हनुमान जी से लोगों के कल्याण की कामना की गई, मंदिर में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हो रहा है, बाढ़ का पानी नीचे उतरने तक के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए हैं, श्रद्धालु मंदिर के बाहर से ही बड़े हनुमान जी के दर्शन पूजन कर रहे हैं, हालांकि इस साल आई बाढ़ के बाद हनुमान मंदिर कॉरिडोर के दूसरे फेज का कार्य रोक दिया गया है। यमुना नदी का जलस्तर 81.54 मीटर और गंगा नदी का जलस्तर 80.97 मीटर पहुंचने पर गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर बड़े हनुमान मंदिर में प्रवेश कर जाता है। वही आज मंगलवार होने की वजह से काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीघ भी काफी ज्यादा हो जाती है।

# जनसहयोग से हुआ पीली नदी का पुनरोद्धार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जौनपुर में गोमती नदी की सहायक पीली नदी का जनसहयोग से पुनरोद्धार किया गया है। इससे पीली नदी अपने पुराने स्वरूप में दिखने लगी है। वहीं नदियों के किनारे पौधों को रोपा गया है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे और किसानों को फायदा मिले। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और एक जनपद, एक नदी अभियान के तहत जौनपुर की ऐतिहासिक पीली नदी का पुनरोद्धार कार्य प्रेरणादायक जनआंदोलन के रूप में उभर कर सामने आया। पीली नदी जौनपुर में बहने वाली पीली नदी गोमती नदी की सहायक नदी है। इसकी कुल लंबाई 61-2 किमी है, जिसमें से 43 किमी जौनपुर में प्रवाहित होती है। यह नदी बदलापुर तहसील के देहुणा गांव से निकलकर भलुआ, खनपुर, बहुर, सिरिकना, रामपुर आदि गांव से गुजरती हुई बेलवां गांव के पास गोमती नदी में मिल जाती है।

सांस्कृतिक दृष्टि से यह नदी जौनपुर की सामाजिक स्मृतियों में गहराई से रची बसी है। जिलाधिकारी ने बताया कि 11 जून से 2 जुलाई तक चला नदी पुनरोद्धार अभियान के जरिये नदी की 25 किमी लंबी धारा को पुनर्जीवित किया गया। इस कार्य को जनसहभागिता और जनजागरूकता के माध्यम से पूरा किया गया। पीली नदी के किनारे स्थित ग्राम देवरिया में प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार भी अभियान का हिस्सा रहा। ऐसे में सावन मास से पहले जीणोद्धार का संकल्प लिया गया, जिसे क्षेत्र की धार्मिक आस्था को और बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीली नदी का उ.म सुल्तानपुर-प्रतापगढ़ के मुरैनी ताल से हुआ है। इसकी कुल लंबाई करीब 70 किमी है जबकि जौनपुर में लंबी 43 किमी-की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नदी के दोनों किनारों पर हरियाली बढ़ाने और पारिस्थितिक संतुलन बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 हजार पौधे लगाए गए। इसके साथ ही 15 अगस्त तक कुल 51 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मृत्यु चार घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के नसीरपुर थाना क्षेत्र में कार पलटने से मां बेटे की मृत्यु हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्नाव जिले का एक परिवार खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहा था कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 51 पर कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में कार चालक शिवम शुक्ला (40) और उनकी मां सरलेश (65) की मौत हो गई जबकि शिवम की पत्नी सोनी (35) , शोभित शुक्ला (28), मोनी (22) और एक अज्ञात महिला गंभी रुप से घायल हो गई।

# लाइसेंसी बंदूक से चली गोली से बेटे की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में घरेलू विवाद में एक बुजुर्ग ने लाइसेंसी बंदूक निकाल ली। झीना झपटी में बंदूक से निकली गोली से बेटे की मौत हो गई।

पुलिस ने बंदूक के साथ पिता को हिरासत में लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला निजामपुर निवा. ससी ओमकार गंगवार कुछ साल पहले चीनी मिल से सहायक लेखाकार पद से रिटायर्ड हुए थे। उनका बेटा हर्ष बर्धन उर्फ चिटू (32) परिवार में आए दिन किसी न किसी बात पर विवाद करता रहता था। सोमवार देर रात परिवार में विवाद हुआ तो हर्ष वर्धन ने हथौड़े से पिता पर वार करना चाहा, तभी पिता ने लाइसेंसी बंदूक निकाल ली। झीना झपटी में बंदूक से फायर हो गया और गोली बेटे हर्ष वर्धन से सीने में जा लगी। गोली लगने के बाद बेटा चिल्लाता हुआ घर से बाहर भागा और गिर गया। गोली की आवाज और चीख पुकार की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर सीएचसी पहुंची लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के आलाधिकारियों ने मौके पर आरोपी पिता को बंदूक सहित हिरासत में ले लिया है।

# कजरी महोत्सव में बुंदेलखंड की कला संस्कृति का होगा दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में वीरभूमि महोबा के ऐतिहासिक कजरी महोत्सव को पर्यटको के आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा।

आगामी 10 अगस्त से शुरू होकर 17 अगस्त तक चलने वाले परम्परागत मेले में देशी विदेशी पर्यटकों को बुंदेलखंड की कला संस्कृति का अद्भुत दिग्दर्शन होगा। महोबा विकास एवं संरक्षण समिति की मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि जिले की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संरक्षित रखने और उसे देश दुनिया के सामने लाये जाने के लिए विशेष योजना के साथ परंपरागत कजरी महोत्सव के अंतर्गत कजली मेला का आयोजन किया जाएगा। महोबा आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक कर्मभूमि है।

उनसे जुडी अनेकों ऐतिहा. सिक एवं सांस्कृतिक धरोहर यहां हैं जिनके बारे में लोगों को जानकारी दिलाए जाने के लिए कजरी महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन किसी न किसी रूप से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कजरी महोत्सव में आल्हा गायन के अतिरिक्त अन्य सांस्कृतिक दलों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्तायुक्त एवं सुंदर तरीके से कराया जाएगा-जिससे लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर मनोरंजन के साथ ही जनपद की ऐतिहा. सिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में ज्ञान वृद्धि हो सके। उन्होंने कजरी महोत्सव समिति के सदस्यों को कजरी महोत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने तथा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों की प्रतिदिन के अनुसार कार्यक्रमों का विवरण एवं सूची बनाते के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए- जिससे इन कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा सके। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों से 15 दिन में कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सुझाव प्रस्तुत करने की अपेक्षा व्यक्त की है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका महोबा को निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन पार्किंग के लिए ठेका वसूली की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि रूट डाइवर्जन की तैयारी पहले से की जाए तथा विकास प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए तथा महोबा जनपद की धरोहरों के बारे में भी लोगों को बताया जाए।

# पुलिस हिरासत में बुजुर्ग की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के महुली क्षेत्र में मारपीट के मामले के वारन्टी एक वृद्ध की मंगलवार को पुलिस चौकी में संदिग्ध्स परिस्थितियों में हालत बिगड़ गई।

पुलिस उसे लेकर एक निजी अस्पताल पहुंची जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बुजुर्ग की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। सूचना पर थाना प्रभारी महुली रजनीश राय तथा थाना प्रभारी घनघटा रामकृष्ण मिश्र मय फोर्स पहुंचे। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि महुली थाना क्षेत्र के ग्राम नगुआ हरिजन बस्ती निवासी राम किशुन (65) के खिलाफ मारपीट के एक मामले में वर्ष 2011 में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में न्यायालय ने राम किशुन के अलावा गांव के ही मतई के खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस वारण्टी को गिरफ्तार करके ले जा रही थी। रास्ते में अभियुक्त की तबीयत खराब हो गई। तत्काल उसे एक प्राइवेट चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परि. जनों के अनुसार मंगलवार को पुलिस चौकी शनिचरा बाबू में तैनात तीन सिपाही और एक एसआई बाइक से उसके घर पहुंचे और राम किशुन और मतई को करीब आठ बजे पुलिस चौकी शनिचरा बाबू ले गए। थोघी देर बाद राम किशुन की तबीयत खराब हो गई। आनन फानन पुलिस के जवान उसे चौराहे पर स्थित एक निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। चिकित्सक ने राम किशुन की मौत होने की पुष्टि कर दी। मृतक की बेटी साधना देवी ने आरोप लगाया है कि उसके पिता की तबीयत खराब थी और वह दवा खाते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें दवा नहीं खाने दिया। बीमार पिता को जबरन खींच कर पुलिस चौकी ले गए। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक सीओ और धनघटा एवं महुली थाने के प्रभारी मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुट गए। परिजन न्याय मिलने के बाद ही आगे प्रक्रिया कराए जाने की जिद पर अड़े रहे।

# हाईटेक नर्सरी से गृहस्थ महिलाएं बनेंगी पेशेवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में कालीन नगरी भदोही में कालीन निर्माण में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के साथ महिलाएं अब हाईटेक नर्सरी में सब्जियों के पौधे तैयार कर बेहतर कमाई करेंगी और परिवार के आर्थिक स्तम्भ की मजबूती का आधार बनेंगी।

जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव ने मंगलवार को बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां में बनी एक करोड़ 28 लाख के हाईटेक नर्सरी का संचालन अब समूह की महिलाएं करेंगी। हाईटेक नर्सरी में करीब ढाई लाख सब्जियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। नर्सरी का संचालन अब रमाबाई स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। इससे पहले उद्यान विभाग इसका संचालन था। महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दो दर्जन से अधिक हाईटेक नर्सरियां तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि हाईटेक नर्सरियों में करीब ढाई लाख सब्जियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जिनमें डेढ़ लाख टमाटर, 50 हजार मिर्च, बीस हजार शिमला मिर्च, 15 हजार पत्ता गोभी और 15 हजार फूल गोभी समेत अन्य पौधे शामिल हैं। बताया कि दो रूपए एक सब्जी का पौधा किसानों को दिए जाते हैं। जिले में किसानों का एक तबका परंपरागत खेती को छोड़ कर अब तकनीकि खेती की तरफ कदम बढ़ा चुका है।

जिसके परिणाम स्वरूप सब्जी के पौधों की मार्केटिंग के लिए किसी तरह की परेशानियां नहीं होने वाली हैं। कालीन नगरी की हजारों कामकाजी घरेलू महिलाएं गृहस्थी का कामकाज निबटाकर कालीन की काती खोलाई, बुनाई व टफ्टेड कालीनों की लिटेक्सिग जैसे कार्य कर घर की आर्थिक मजबूती में मददगार साबित होती थी। अब हाईटेक नर्सरी का काम मिलने से महिलाओं के सामने रोजगार की समस्या का स्थाई समाधान संभव हो सकेगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या | 1186 वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 14.07.2025 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में स्थित विभिन्न प्रकार के रेलवे आवासो की विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य |
| अनुमानित लागत | रु.1,01,91,976.91/- (एक करोड़ एक लाख इक्यानबे हजार नौ सौ छिहत्तर रुपये एवं इक्यानवे पैसा) |
| ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| बयाना राशि | रु. 2,01,000/- (दो लाख एक हजार रुपये मात्र) |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.08.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है। |

सूचना सं0 1186-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ
दिनांक : 14.07.2025
2142/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### नोडल अधिकारी के चालक का रिश्वत लेते वीडियो हुआ था वायरल

# डीएम ने डा. शरद से छीना नोडल अधिकारी का चार्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नोडल अधिकारी के चालक द्वारा झोलाछप से अवैध वसूली का वीडियो सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मच गया है। मामले की जांच को तीन सदस्य कमेटी गठित कर दी गयी है। जबकि चालक को हटाकर उसकी मूल तैनातीी गजरौला भेज दिया गया है।

बताते चलें कि दो माह पूर्व भाजपा जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी ने आरोप लगाया था कि सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह तथा नोडल अधिकारी डा. शरद अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों व झोलाछापों से अवैध वसूली कर रहे हैं। इसकी जांच के लिए सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन सदस्य कमेटी गठित की गयी थी। अभी जांच ठंडे बस्ते में है। कुछ दिन पूर्व नोडल अधिकारी के चालक प्रदीप कुमार द्वारा डिडौली के किसी झोलाछाप से अवैध वसूली का वीडियो किसी ने मोबाइल में कैद कर लिया। जब यह मामला डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने तत्काल नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार को उनके पद से हटाकर उनकी मूल तैनाती अमरोहा सीएचसी भेज दिया गया। जबकि आरोपी चालक प्रदीप

**चालक को मूल तैनाती स्थल गजरौला भेजा**

कुमार को मूल तैनाती गजरौला सीएचसी की एम्बूलेंस पर भेज दिया गया। फजीहत होने के बाद डीएम ने अवैध वसूली की वीडियो की जांच को तीन सदस्य कमेटी गठित कर दी है। कमेटी में डा दिनेश मोहन सक्सैना, डा. जसकरण सिंह, डा. विशाल त्रिवेदी को नामित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग पिछले एक साल से चर्चाओं में है। धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने प्रभारी मंत्री केपी मलिक की पहली बैठक में ही सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह व नोडल अधिकारी डा. शरद कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। उनका आरोप था कि दोनों अधिकारी जिले के अवैध अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केन्द्रों व झोलाछापों से करोड़ो रूपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। परन्तु बाद में सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने विधायक के आगे गिड़गिड़ाकर मामला रफादफा करा दिया था।

## चिकित्सा अधीक्षकों को बनाया नोडल अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिले के सभी सीएचसी के एमओआईसी को झोलाछाप का नोडल अधिकारी नामित कर दिया है। अमरोहा के चिकित्सा अधीक्षक डा. उमर फारूक को अमरोहा सीएचसी व नौगांवा सादात का नोडल अधिकारी नामित किया है। जबकि जोया सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक कुणाल पारासर को क्षेत्र का नोडल अधिकारी नामित किया है। इस दौरान धनौरा, गजरौला, हसनपुर व रहरा के चिकित्सा अधीक्षक अपने क्षेत्रों के नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। देखना है कि स्वास्थ्य विभाग में कोई सुधार होता है या फिर पहले की तरह नोडल अधिकारियों की तरह चिकित्सा अधीक्षक भी झोलाछापों से अवैध वसूली करते रहेंगे। यह एक बड़ा सवाल है। जानकार बताते हैं कि कुछ चिकित्सा अधीक्षक पूर्व नोडल अधिकारी डा. शरद के चालक प्रदीप कुमार से अवैध अस्पतालों से होने वाली अवैध वसूली की सूची प्राप्त करने के प्रयास में लगे हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग में सब कुछ गड़बड़ चल रहा है।

# रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले-डंडे

### चार लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। रास्ते को लेकर विवाद में दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। जिनके बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। कार्रवाई से पहले पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सोमवार रात की घटना थाना क्षेत्र में नहर के पुल के पास की है। लाआ.जी वाले बाग के पास एक पक्ष से साजिद व अनवर तथा दूसरे पक्ष से अलीम व इसरार ने साझेदारी में एक प्लॉट खरीदा था। परंतु विवाद की स्थिति बनने पर साझेदारी टूट गई थी लिहाजा दोनों पक्षों ने प्लॉट आधा-आधा कर लिया था लेकिन दोनों का रास्ता एक ही रहा। कुछ दिन बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष का रास्ता रोकने के लिए रातोंरात बीच में दीवार खड़ी कर दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। सोमवार देर रात इस दीवार को ढहा दिया गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। मारपीट के दौरान जमकर लाठी डंडे चले। हमले में दोनों ओर से साजिद, अनवर, अलीम व इसरार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ती स्थिति को संभालते हुए घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

### हथियार बनाते पांच को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पुलिस व एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पाकर अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री को पकड़ा है। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शस्त्रों का जखीरा भी बरामद किया है। पुलिस ने शस्त्र बनाने वाले 5 तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

सोमवार की रात कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने कोतवाली पुलिस एसओजी एवं सर्विलांस टीम को साथ लेकर क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी में बंद पड़े जिम के ऊपर सोलर प्लेटों के नीचे फैक्ट्री चलाकर अवैध निर्माण कर रहे शादाब पुत्र रियासत अली, सुमित पुत्र हेम सिंह निवासी ग्राम माछरा भगवानपुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों तस्कर बड़े पैमाने पर अवैध हथियारों को बना रहे थे। दोनों तस्करों में 12 बोर व 315 के तमंचे शस्त्र बनाने के उपकरण पुलिस ने बरामद कर लिए है। पकड़े गये तस्करों ने बताया कि वह शस्त्र बनाकर अलग-अलग लोगों को बेच देते हैं। पुलिस ने पकड़े गये दोनों तस्करों की निशानदेई पर दीपक पुत्र संजीव निवासी मंझोला थाना गजरौला, वंश उर्फ गोलू पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम सरकड़ा थाना बछरायूँ, गौरव पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी ग्राम रतनपुर कला थाना पाकबड़ा मुरादाबाद, अंकुश पुत्र कार्मेंद्र निवासी ग्राम हाफिजपुर थाना रजबपुर, नागेंद्र पुत्र कृपाल निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना रजबपुर को खरीदे गये अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये तस्करों के खिलाफ मुक. दमा लिखकर न्यायालय में पेश कर दिया। वहां से कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

# सामान लेने जा रही किशोरी से छेड़खानी

### आरोपी, पिता व भाई के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गांव की दुकान से परचून का सामान लेने जा रही 17 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। बदहवास हालत में घर लौटी किशोरी ने परिजनों को आपबीती बता दी। पीड़िता के पिता ने मामले की शिकायत आरा.पी के परिजनों से की तो उनके साथ भी मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक समेत उसके पिता व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक नौ जुलाई की शाम चार बजे किसान की नाबालिग बेटी गांव में ही एक परचून की दुकान से सामान खरीदने जा रही थी। आरोप है कि गांव के रहने वाले युवक आफताब ने रास्ते में किशोरी को रोक लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींचने का प्रयास किया। आरोपी आफताब से बचकर घर पहुंची किशोरी ने परि. जनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद किशोरी के पिता आरा.पी की शिकायत करने उसके घर पहुंचे तो आफताब के पिता मुस्लिम और भाई कासिम ने उनके साथ मारपीट की, इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी तक दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी आफताब, कासिम और उनके पिता मुस्लिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### कैडेट्स को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। इंटर बटालियन प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर वंशिका शर्मा व प्रशांत सैनी ने पहला स्थान प्राप्त किया। एएसएम मार्डन एकेडमी खाता में दोनों को गोल्ड मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीनियर विंग की कारपोरल वंशिका शर्मा ने जजिंग डिस्टेंस सिग्नल के इंटर बटालियन प्रतियोगिता में मंडल स्तर पर पहला स्थान जबकि 21 यूपी बटालियन एनसीसी के कर्नल देवाशीष के नेतृत्व में कारपोरल प्रशांत सैनी ने हाईजीन में पहला स्थान प्राप्त किया। आज प्रधानाचार्य ने दोनों को गोल्ड मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के एएनओ लेफ्टिनेंट रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में कैडिट्स ने यह लक्ष्य हासिल किया।

### आनन्दधाम आश्रम में गौवंश का चेकअप



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर के आनंदधाम आश्रम में मंगलवार को एक विशेष हेल्थ चेकअप कैंप एवं गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब परिवर्तन धनौरा की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्यों ने गायों को हरा चारा, दलिया और गुड़ खिलाकर सेवा की और गौमाता के चरणों में नमन किया। क्लब की अध्यक्ष कल्पना शर्मा ने कहा कि गौसेवा से जो आत्मिक शांति मिलती है, वह किसी और सेवा में नहीं। क्लब की अन्य प्रमुख सदस्य सीमा यादव, रेनू अग्रवाल, सुधा शर्मा, कंचन दत्त आदि ने भी सक्रिय रूप से सेवा में भाग लिया।

### ग्राम पंचायतों को विकास की राह में करें अग्रसर




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ब्लॉक सभागार धनौरा में पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और सहायतकों ने भाग लिया। कार्यशाला के प्रारंभ में सहायक विकास अधिकारी पंचायत संदीप कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि इसका मकसद पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स की सटीक जानकारी देना है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार सैनी, मोहम्मद नसीम, राजीव सिंह, शायबा, मोनिका, कृपाल सिंह मौजूद रहे।


# भाजपा ने देश को दो भागों में बांटा: कमाल

### सबका साथ-सबका विकास का नारा खोखला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पीडीए के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व केबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को दो हिस्सों में बांट दिया है। सपा ही हमेशा दबे कुचले पिछड़ों किसानो व अल्पसंख्यक की आवाज रही है।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को विधायक काँठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अखघ्तर ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश को दो भागों में बाँट दिया है। एक तरफ पूंजीपतियों को राहत, और दूसरी तरफ गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज को उपेक्षा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति अब 'कुछ का साथ, कुछ का विकास' में बदल चुकी है। समाजवादी पार्टी हमेशा से वंचितों, दबे-कुचले, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की आवाज रही है। आज भाजपा सरकार जिन वर्गों को हाशिए पर धकेल रही है। वही वर्ग पीडीए की शक्ल में संगठित होकर बदलाव की जमीन तैयार कर रहे हैं। समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार शिक्षण संस्थाओं को निजीकरण की ओर धकेल रही है। छात्रवृत्तियाँ बंद हो रही हैं। इस मौके पर अनुज त्यागी, गुड्डु प्रधान, आमिर मंसूरी, जसवीर यादव, अंशू त्यागी , समीर, आरिफ अखघ्तर , यूसुफ कुरैशी, विक्की अब्बास , आदिल, अनस, भोला, लब्बू, मोंि. हत, सचिन, चंद्रपाल सैनी , केसर परवेज, मनोज त्यागी, अंशू त्यागी, साजिद प्रधान , अफलातून, यशवीर नागर , शुभम नागर , खलेंद्र , अब्दुल चौधरी , बिजेंद्र प्रजापति मौजूद रहे। अध्यक्षता जोगेंद्र खड़गवंशी व संचालक यूसुफ कुरैशी ने किया।



हसनपुर। सपा छात्रसभा द्वारा आयोजित पीडीए कार्यक्रम में काठ विधायक कमाल अख्तर का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने डीजे किया सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। गजरौला पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे को कब्जे में लिया जबकि डीजे का संचालन करने वाले युवकों को शांतिभंग में निरूद्ध किया है। असमौली पुलिस ने गजरौला पुलिस को डीजे संचालक द्वारा किए जा रहे नियमों के उल्लंघन के बारे में बताया था, जिसके बाद गजरौला पुलिस ने चौपला के पास डीजे को रूकवा लिया। जानकारी के अनुसार असमौली थाना क्षेत्र में माधव डीजे द्वारा नियमों के अनुसार निर्धारित की गई ध्वनि के मानकों का उल्लंघन किया जा रहा था। असमौली पुलिस ने इस मामले की सूचना गजरौला पुलिस को दी। जिस पर गजरौला पुलिस ने उक्त डीजे को रूकवा लिया और एमवी एक्ट में कार्रवाई करते हुए डीजे को सीज किया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि डीजे संचालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था, जबकि पूर्व में सभी को बताया गया है कि ध्वनि व ऊंचाई नियमानुसार रहे। इसमें संचालक मंडल के नौ सदस्यों को शांतिभंग में निरूद्ध किया गया है। यह डीजे बछरायूं थाना क्षेत्र के निवासी व्यक्ति का है।

# बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

### गंभीर हालत में दो मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अलीगढ़ मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर मेरठ रेफर कर दिया गया।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव कनैटा की मढैय्या निवासी पीतम पुत्र रमेश आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद में अपने ससुर को तीसरा मिल पर छोड़कर वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव मंगरौली के पास पहुंची सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर खादर निवासी राजीव, पुष्पेंद्र और विकास सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक बुरी तरह घायल हो गये। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायलों को उठाया और उन्हें पास के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। शुरुआती इलाज के बाद, पीतम और राजीव की गंभीर स्थिति को देखते हुए, चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेरठ रेफर कर दिया।

# स्टंट करने वालों की तलाश में लगी पुलिस

### दो ट्रैक्टरों पर खड़े होकर स्टंट का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव गलसुआ से एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दो ट्रैक्टर आमने-सामने खड़े होकर खतरनाक स्टंट करते दिख रहे हैं। दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर से स्टंट बाजी कर रहे दो युवकों का चालान किया था। लोग उसे अभी भूल भी नहीं थे कि एक मामला और प्रकाश में आ गया है। वायरल वीडियो में दो ट्रैक्टरों के बीच एक मोटी लोहे की रॉड फंसाई गई है और फिर दोनों तरफ से ट्रैक्टर चालकों ने पूरी ताकत लगाई। यह श्ताकत का खतरनाक तमाशा इतना जोखिम भरा था कि अगर लोहे की रॉड टूट जाती, तो मिनटों में भारी तबाही मच सकती थी। यह कृत्य सिर्फ ट्रैक्टर चालकों के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास खड़े लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता था। फिलहाल, पुलिस वीडियो के आधार पर इन स्टंटबाजों की पहचान करने में जुटी है और उनकी तलाश जारी है। यह घटना युवाओं के बीच बढ़ते खतरनाक स्टंट के जुनून को दर्शाती है। जो अक्सर जानलेवा साबित होते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी जानलेवा स्टंट से दूर रहें, क्योंकि स्टंट की सनक कभी भी बड़ा हादसा बन सकती है।

### हादसे में पिता व तीन पुत्र हुए घायल

**जोया**। कार की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार पिता व तीन बेटे घायल हो गये। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी अहीर निवासी जाहिद हुसैन इस समय बीमार है। वह मंगलवार को मुरादाबाद से दवाई लेकर अपने बेटों अफरोज, फिरोज व कामिल के साथ ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। जिस समय इनका वाहन डिडौली अडडे के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज गति से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जाहिद हुसैन व उनके तीनों बेटे घायल हो गये। लोगों ने एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया। पिता पुत्रों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी चालक कार समेत फरार होने में कामयाब रहा।

# इंटर कॉलेज में तोड़फोड़ व प्रबंधक को धमकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में स्थित इण्टर कॉलेज में दो युवकों ने टीसी मांगने को लेकर कॉलेज प्रबंधक पर अनावश्यक दबाब बनाया और जान से मारने की धमकी देते हुए विद्यालय के सामान में तोड़फोड़ की। प्रबंधक ने 112 डॉयल पुलिस बुलाई तो वहीं युवकों के परिजनों ने भी स्कूल पर पहुंचकर गाली गलौच की। विद्यालय प्रबंधक ने मंगलवार को शाम के समय वित्त विहीन कॉलेजों के प्रबंधको के साथ थाने पहुंचकर तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की।



थाना क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर में स्थित बाल भारती इण्टर कॉलेज में मंगलवार को दो युवक कॉलेज में पहुंचे, और टीसी की द्वितीय प्रतिलिपि की मांग करने लगे। इस पर कॉलेज के चपरासी ने कहा कि प्रार्थना पत्र दे जाओ, दो तीन बाद टीसी मिल जाएगी। इसके बाद वे चपरासी से बहस करने लगे। प्रबंधक सुमित कुमार ने 112 डॉयल पुलिस को सूचना दी। इसी बीच युवकों के परिजन भी आ पहुंचे। आरोप है कि इन सबने कॉलेज में तोड़फोड़ की और प्रबंधक को जान से मारने की धमकी दी। वहीं युवक पक्ष ने भी 112 पुलिस को सूचना देकर युवकों के बंधक बनाने की शिकायत की। लेकिन 112 पुलिस ने जांच में प्रबंधक की बात सही मानते हुए थाने जाकर तहरीर देने को कहा। जिसके बाद प्रबंधक सुमित कुमार ने वित्त विहीन स्कूल प्रबंधक वैलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने जांच पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस मौके पर इकाई के अध्यक्ष मूलचंद गिल, योगेन्द्र सिंह, रविराज सिंह, महेश चंद्र चौहान, सतीश कुमार, कामेन्द्र सिंह, श्याम सिंह, सदाकत अली, निजाम.ुद्दीन, आवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# शीशगढ़ के युवक की सितारगंज में सड़क हादसे में मौत, एक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** बाइक से अपने दोस्त के साथ सितारगंज रिस्तेदारी से लौटते समय कार ने बाइक में जोर दार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज घायल को अस्पताल में भिजबाया।



जानकारी के अनुसार कस्वे के मोहल्ला कंचन कुआं निवासी साहिल 20 वर्ष पुत्र स्व. हिफजुर्रहमान मंगलवार को कस्वे के ही अपने दोस्त अदनान के साथ बाइक से सितारगंज अपने रिस्तेदारी में गया था। बाइक साहिल चला रहा था जबकि अदनान पीछे बैठा था।रिस्तेदारी से लौटते समय लगभग 4 बजे के आस पास सितारगंज बाई पास पर गांव खँडगरी के पास सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे साहिल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा अदनान गम्भीर घायल हो गया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घायल व्यक्ति से जानकारी कर स्वजनों को सूचना दी और शव को पीएम को भेज घायल को अस्पताल भिजवा दिया। उधर साहिल की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक साहिल तीन भाइयों मे दूसरे नम्बर का था। मृतक के पिता की कुछ दिन पहले ही केंसर की बीमारी से मौत हो गई थी।

# मुंडिया नबीबख्श में चोरी की वारदात, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडिया नबीबख्श में एक मकान से सोने-चांदी के जेवर और 70 हजार रुपये की नगदी चोरी हो गई। इस मामले में गृह स्वामी राकेश कुमार राठौर ने गांव के ही एक व्यक्ति पर शक जताया है।

राकेश कुमार राठौर ने बताया कि 11 जुलाई की रात घर के कमरे का ताला तोड़कर चोरी हुई। उन्होंने शक जताया कि गांव का ही राकेश कुमार इस चोरी में शामिल हो सकता है, क्योंकि वह उस दिन उनके घर आया था। जब वह घर पर नहीं थे और परिवार के अन्य सदस्य नीचे सो रहे थे, तब ऊपर के कमरे में रखे लाकर को तोड़कर चोरी की गई। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है, और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की को. शिश की जाएगी। इस तरह की चोरी की वारदातें पहले भी कई जगहों पर देखी गई हैं, जहां चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाया है।

# ऋषिकेश में करंट लगने से बहेड़ी के युवक की मौत

■ दो की हालत गंभीर, मकान का सरिया बांधते समय हुआ हादसा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंजरिया निवासी रवि कुमार पुत्र बालक राम की ऋषिकेश में करंट लगने से मौत हो गई। रवि कुमार सठरिंग का काम करता था, और मकान की सरिया बांधते समय वह ऊपर गुजर रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज की लाइन से टच हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रवि कुमार अपने गांव के ही ठेकेदार अजय राठौर के साथ मजदूरी करने ऋषिकेश गया था।

इस घटना में राहुल कुमार पुत्र सोमपाल और सोनू पुत्र नौबत भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों युवक भी बंजरिया तहसील बहेड़ी थाना शीशगढ़ के निवासी हैं।

उत्तराखंड के ऋषिकेश की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

रवि कुमार की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है, और लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

## एक नजर

# बहेड़ी के युवक के साथ मारपीट कर बनाया बंधक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील के गांव हफीजगंज के अनस खान ने आरोप लगाया है कि वह राशन कार्ड बनवाने के लिए बहेड़ी के सप्लाई दफ्तर गया था, जहां सप्लाई इंस्पेक्टर ने उससे 1500 रुपये की मांग की। जब उसने इसकी शिकायत एसडीएम से करने की बात कही, तो दफ्तर में मौजूद 10-12 लोगों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट की।

अनस खान का आरोप है कि सप्लाई इंस्पेक्टर उसके भाई से रंजिश मानती हैं, जो एक पत्रकार है। सप्लाई इंस्पेक्टर ने उसके भाई को धमकी दी है कि उसे झूठे केस में फंसवा देगी और जान से मरवा देगी। अनस खान का यह भी आरोप है कि सप्लाई इंस्पेक्टर का पति सरकारी अधिकारी है, जिसके चलते वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रही है।

अनस खान ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है, और आरोप लगाया है कि सप्लाई दफ्तर में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है, और आरोपियों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

# दबंगों ने गर्भवती महिला ने की अश्लील हरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अश्लील हरकत का विरोध करने पर दबंगों ने गर्भवती महिला को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद महिला को मेडिकल के लिए भेजा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार वह गर्भवती है और वह अपने घर में नहाती है तब पड़ोसी सुमित झांककर देखता है। जब महिला और उसके परिजनों ने सुमित से अश्लील हरकत करने से मना किया। तब वह झगड़े पर उतारू हो गया। कुछ देर बाद जब महिला के परिजन खेत पर चले गए। तब महिला को अकेले देखते हुए सुमित और घरवाले पूरनलाल, राममोहन, इंद्रपाल लाठी डंडे लेकर घर घुस आए। सभी ने गंदी गंदी गलियां दी विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया। पीड़िता महिला की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे मेडिकल को भेज दिया है।

# दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती अफरोज आलम का इंतकाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** दरगाह आला हजरत के वरिष्ठ मुफ्ती अफरोज आलम उम्र 45 वर्ष मदरसा मंजर ए इस्लाम में शिक्षक और मुफ्ती थे। आज मंगलवार को सुबह ब्रेन स्ट्रोक होने पर शहर के गंगाशील हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां हालात गंभीर होने पर परिवार व मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी उनको दिल्ली इलाज के लिए ले जा रहे थे। शाम पांच बजकर छप्पन मिनट पर गाजियाबाद के पास मुफ्ती अफरोज आलम ने अंतिम सांस ली। उनके इंतकघल की खबर दरगाह पर लगते ही शोक की लहर दौड़ गई। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां), सज्जादानशीन बदरुशरिया मुफ्ती अहसन मियां व मंजर ए इस्लाम के प्रिंसिपल मुफ्ती आकिल रजवी ने गहरे रंजो गम का इजहार करते हुए कहा कि मुफ्ती अफरोज आलम का इस दुनिया से जाना मरकज ए अहले सुन्नत का बड़ा खसारा (नुकसान) है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। नासिर कुरैशी ने बताया कि मुफ्ती अफरोज आलम बरेली के धौरा टांडा कस्बे के रहने वाले थे। आज 16 जुलाई बुधवार को उनकी नमाज जनाजा कस्बे में अदा कराई जाएगी।

# सर्प के काटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया में लगभग दस वर्षीय बच्ची की सर्प के काटने से मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया निवासी भूरे की पुत्री शना रविवार को घर में खेल रही थी, तभी उसे सर्प ने काट लिया। उसके परिजनों को पता लगते ही उसे कई जगह इलाज के लिए लेकर गए। मगर आज तीसरे दिन मंगलवार को उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने उसे आज गांव में लाकर अंतिम संस्कार कर दिया। उसकी मौत से गाँव में शोक की लहर दौड़ गई।

# नहर में नहाने गए युवक की पानी में डूब कर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नहर में नहाने गए एक युवक की पानी में डूबकर मौत हो गयी। जैसे तैसे लोगों ने उसे पानी से बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

उत्तराखंड के रुढ़की जनपद के हरिद्वार के रहने वाले मोहम्मद परवेज 21 वर्षीय पिकअप गाड़ी चलाता था। उसके पिता मोहम्मद हारुन जम्मू कश्मीर में ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं। एक सप्ताह से वह नवाबगंज थाना क्षेत्र के रिछोला किफायतुल्ला गांव में रहने वाले अपने ताऊ फहीम के घर रह रहा था। मंगलवार की सुबह वह गांव के पास से गुजर रही नहर में नहाने के लिए गया था। नहाते-नहाते वह गहरे पानी में चला गया। जिससे वह पानी में डूब गया। उसे पानी में डूबता देख खेतों पर काम कर रहे लोगों ने पानी में छलांग लगाकर उसे नहर से बाहर निकला, आनन फानन में लोग उसे उपचार के लिए कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत के बाद उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उसकी मौत की खबर मिलते ही उसके परिजन रिछोला किफायतुल्ला गांव के लिए रवाना हो गए थे। मृतक तीन भाई और पांच बहनों में सबसे बड़ा था।

# स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में 162 मानसिक रोगियों का हुआ परीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** मंगलवार को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृहद मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 162 मानसिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही चार मानसिक रोगियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित हुए मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का विधायक डॉ. एमपी आर्य ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। शिविर में 162 मानसिक रोगियों का मान. सिक स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही चार मानसिक रोगियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही शिविर में आए मानसिक रोगियों को दवाईयां, पम्पलेट व लंच पैकेट वितरित किए गए। इसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार गंग. वार, मानसिक चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार, डॉ. प्रवीन यादव, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. फारुख, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद यादव, फार्मासिस्ट देवेश पाटिल, सुरेश सिंह, शिवेक तिवारी, सचिन कुमार, खुशबू अयाज, महेन्द्रपाल, नीरज, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ली राजस्व कार्यों के मासिक स्टाफ बैठक

■ राजस्व कार्यों की सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई सम्पन्न




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व कार्यों की मासिक स्टाफ बैठक एवं राजस्व कार्यों की सीएम डैशाबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में गति लाने हेतु लगातार मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत जिन विभागों की स्थिति खराब चल रही है, उसमें सुधार लाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान कराने के निर्देश दिये गए। पीओ डूडा को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जिन लोगों की पहली किश्त पूरी हो चुकी है, उसे दूसरी किश्त प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समस्त उपजिलाधिकारियों को आय तथा निवास प्रमाण पत्र ससमय जारी करने, आईजीआरएस में जिस गांव से सबसे अधिक शिकायतें आ रही हैं, उन गांवों में जाकर शिकायत का निस्तारण शत प्रतिशत कराने, लंबित वादों का निस्तारण करने, धारा 80 तथा 24, पट्टा आवंटन, अंश निर्धारण के प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिए गए कि इसकी समीक्षा कम से कम सप्ताह में एक बार अवश्य की जाए, जिससे कि रैंकिग में सुधार हो।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष सिंह, उपायुक्त उद्योग विकास यादव सहित समस्त उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

# महिला से अश्लील हरकत के आरोप में दरोगा और दो सिपाही निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला से अश्लील हरकतें करना और अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतना दरोगा और दो सिपाहियों को भारी पड़ गया। महिला की शिकायत पर जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर एसएसपी ने तीनों को निलंबित कर दिया है। गांव निवासी महिला ने शिकायत करके बताया था कि रास्ते को लेकर उसका पड़ोसी से विवाद हो गया था। इसकी जांच करने पहुंचे दरोगा सतेंद्र कुमार, सिपाही अमित कुमार और मोहित कुमार ने उसके साथ अश्लील हरकत की थी। आरोपियों से मिलकर महिला और उसके पति के साथ गाली-गलौज की गई। शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने मामले का संज्ञान लिया। जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद दरोगा समेत तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया।

# खाद्य सामग्री की गाड़ी का पूजन करने के बाद महाकाल के लिए की रवाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** बुधवार को क्षेत्र से महाकाल कावर चढ़ाने जाने वाले दूसरे जत्थे की खाद्य सामग्री की गाढ़ी पूजा पाठ के बाद मंगलवार को रवाना कर दी गई। इस मौके पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

महंत हरदेव गंगवार,बनवारी लाल गंगवार की अगुवाई में कस्बा और ग्रामीण अंचल से संयुक्त दूसरा जत्था बुधवार को जाएगा। महंत हरदेव गंगवार ने बताया 250 कांवड़ियों का जत्था ओंकलेश्वर से जल भरने के बाद पांच दिन में करीब 150 किलोमीटर पद यात्रा करके उज्जैन महाकाल ज्योतिर्लिंग पर जल अभिषेक करेगा। जत्था के लिए खाद्य सामग्री कैंटर मंगलवार को रवाना की गई है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ममता गंग. वार, कैलाश शर्मा, जगदीश गंग. वार, दिनेश पांडेय,ओमेंद्र सिंह चौहान, चेतराम गंगवार,भागवत शरण, कैलाश अग्रवाल, जसवीर सिंह, प्रेमपाल गंगवार, मयंक गंग. वार आदि लोग मौजूद रहे।

# सिंगतरा गांव से कांवड़ियों का जत्था जल लेने हरिद्वार के लिए हुआ रवाना



शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** थाना क्षेत्र के संवे. दनशील गांव सिंगतरा से आज मंगलवार को लगभग तीन दर्जन कांवड़ियों का जत्था जल लेने के लिए हरिद्वार को रवाना हुआ। जत्थे के महंत सुरेश चंद मौर्य ने बताया कि आगामी 28 तारीख को वापस होकर गांव के ही शिव मंदिर पर जलाभिषेक व यज्ञ का आयोजन करेंगे।

आज दिन में सभी कांवड़ यात्री तथा गांव व आस-पड़ोस गांवों के लोग सैकड़ों की संख्या में गांव के शिव मंदिर पर इकट्ठे हुए, और जाने से पहले सभी कांवड़ यात्रियों से गांव के पुरोहित पंडित नरेश मिश्रा ने शिव मंदिर पर पूजा अर्चना कराकर कांवड़ के नियम व महत्व के बारे में जानकारी दी।

मंदिर के पुजारी बाबा केशवदास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाल देई, संभावित जिला पंचायत प्रत्याशी हरपाल गंगवार ने सभी कांवड़ यात्रियों को फूल माला व गमछा देकर स्वागत किया।

सुरक्षा की दृष्टि से एसआई अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार व कांस्टेबल डार्विन आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए इन्हें पकड़ने की मांग की है। कताई मिल मार्ग पर ओवरलोडेड ट्रकों के कारण हो रहे नुकसान को रोकने के लिए इन पर कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की गई है, जिससे क्षेत्र की जमीन और जल संसाधनों को बचाया जा सके।

किसानों ने बिजली की समस्या का समाधान करने की मांग की है, जिसमें जर्जर बिजली तार और पोल बदलवाने और फुंके ट्रांसफार्मर ठीक कराने की मांग शामिल है। सकलैन नगर में आबादी से गुजर रही 11 हजार की लाइन हटाने की मांग की गई है, जिससे लोगों को खतरे से बचाया जा सके। किसानों ने गन्ने का भुगतान केसर मिल से दिलाने की मांग की है, जिससे उन्हें अपने गन्ने का उचित मूल्य मिल सके।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सचिव अनुज ठाकुर, चौधरी अजीत सिंह, मीडिया प्रभारी यामीन मालिक, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद अयान, बिलाल अली, अनीस अहमद आदि शामिल रहे।

# मदरसा जमीयतुर्रजा में बिहार के छात्र ने की आत्महत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में मथुरापुर स्थित मदरसा जमीयतुर्रजा इस्लामिक स्टडीज सेंटर में बिहार के एक छात्र ने गमछे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मामला रिश्तेदार युवती से शादी टूटने से अवसाद में आत्महत्या का बताया जा रहा है। सूचना पर सीबीगंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।



मंगलवार सुबह मदरसे के सभी छात्र हॉस्टल से तैयार होकर पढ़ाई करने गए थे। कमरा संख्या 87 में रहने वाला बिहार के जिला कटिहार निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद उवैस कक्षा में नहीं पहुंचा। करीब 11 बजे जब साथी छात्र इंटरवेल में लौटे तो देखा कि उवैस का शव कमरे में उसके गमछे के सहारे लटका है। मदरसा प्रबंधन ने सूचना दी तो सीबीगंज थाना प्रभारी अभिषेक सिंह मौके पर पहुंच गए। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

पुलिस ने पूछताछ की तो साथी छात्रों ने बताया कि उवैस मदरसे में आलिम का कोर्स कर रहा था और हदीस पढ़ना सीख रहा था। दो साल का कोर्स बाकी था। उसका कटिहार में ही अपनी रिश्तेदार युवती से प्रेम-प्रसंग था। उवैस के कहने पर उसके परिजनों ने लड़की के परिवार से निकाह के बारे में बात की थी। बताते हैं कि रिश्ते की बात लगभग तय हो गई थी। इससे उवैस काफी खुश था। निकाह की तैयारियों के बीच लड़की ने अचानक निकाह से इनकार कर दिया। इससे उवैस काफी परेशान हो गया। उसने साथियों से भी अपना दर्द साझा किया था। माना जा रहा है कि इसी वजह से उपजे अवसाद में उवैस ने जान दे दी। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि उवैस के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# क्षेत्र की लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था

■ विधायक अधिकारियों पर बिफरे, तीन दिन की मांगी मोहलत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** पिछले कई दिनों से लड़खड़ाई चल रही नगर और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य मंगलवार को बिजली विभाग के अधिकारियों पर जमकर भड़के, कहा कि जब उनकी जनता को परेशानी होगी तो आपको भी परेशानी होगी। विधायक की इस कड़ी नाराजगी पर एसडीओ ने तीन दिन की मो. हलत मांगी है।

मंगलवार को अपने आवास पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को तलब कर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने पिछले कई दिनों से लड़खड़ाई चली आ रही विद्युत व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसमें तत्काल सुधार कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि जब उनकी जनता को परेशानी होगी तो निश्चित ही विभाग के अधिकारियों को परेशानी होगी।



विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने साफ-साफ विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है, अधिकारी सरकार के आदेशों पर अमल नहीं कर रहे हैं, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है। बैठक में नवाबगंज के एसडीओ राजेन्द्र सिंह, रिठौरा के एसडीओ अरुण कुमार के साथ ही हाफिजगंज पावर हाउस के अवर अभियंता ट्रांसमिशन ने विधायक से तीन दिन की मोहलत मांगी है। कहा कि तीन दिनों में पेड़ों की छटाई हो जाएगी, उसके बाद नगर के साथ क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विजली आपूर्ति हो जाएगी।

बैठक में दोनों ही एसडीओ ने अवर अभियंता ट्रांसमिशन पर आपूर्ति करने में विलम्ब किए जाने का आरोप लगाया, जिसपर अवर अभियंता ने अपने आला अधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के मुताबिक आपूर्ति किए जाने की बात कही, जिसपर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भड़क गए, और उन्होंने तत्काल ही अधिशासी अभियंता से बात कर अपनी नाराजगी जताई। कहा जब उनकी जनता को परेशानी होगी तो निश्चित तौर पर आपको भी परेशानी होगी।

विधायक ने बिजली अधिकारियों से तीन दिन में आपूर्ति में सुधार किए जाने को कहा है। इसमें भाजपा नेता नत्थू लाल आर्य, जितेन्द्र चड्ढा, सचिन रस्तोगी, रोहित गंगवार, बबलू गंगवार मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
Email: irfang-gnewslive@gmail.com

# लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 में क्रिकेट की वापसी

**● मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, 20 और 29 जुलाई को पदक मैच होंगे**

**लॉस एंजेलिस, वार्ता।** लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 से क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी हो रही है। इस बार के ओलंपिक में क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि 20 और 29 जुलाई को पदक के मैच होंगे। सभी मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर पोमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंट में छह-छह टीम खेलेंगी, जिसमें 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी मैच टी-20 प्रारूप में होंगे। हर टीम टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन सकती है।

ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुकाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6-30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय रखा गया है। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने एक बयान में कहा कि जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। उन्होंने आगे कहा कि हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्लेएलए में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं।

मैं एलए28 और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाए। क्रिकेट पहली बार ओलंपिक में 1900 में शामिल किया गया था। तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिन के मैच में भाग लिया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना इस खेल के बढ़ते कद को और मजबूत करता है। महिला क्रिकेट ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्ब्स में पदार्पण किया, जबकि पुरुष और महिला दोनों 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क ने 2024 के टी-20 विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी की।

## क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज, वार्ता।** यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। यश दयाल के अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। उनके मुताबिक चार से छह हफ्ते बाद इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले की सुनवाई न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा और न्यायाधीश अनिल कुमार दशम की डिवीजन बेंच में हुई। गौरतलब है कि क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ छह जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। यह एफआईआर बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज की गई। यश दयाल ने अपने खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिका में राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया गया है।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए डॉसन को टीम में शामिल किया

**● डॉसन को मौजूद काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को अपनी टीम में शामिल किया है। बशीर लॉर्ड्स में इंग्लैंड की रोमांचक जीत के बाद शेष श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बशीर को तीसरे टेस्ट के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें तीसरे दिन मैदान से बाहर जाना पड़ा था। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अंततः अंतिम विकेट लेकर इंग्लैंड को शानदार जीत दिलाई। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर डॉसन ने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक तीन मैचों में सात विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने हैम्पशायर के लिए नौ मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने उनके चयन पर कहा कि लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, लॉर्ड्स में रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद इंग्लैंड मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में 2-1 से आगे है। दोनों टीमें अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगी।

**खेल विशेष**

## फौजा सिंह के निधन पर पीए मोदी, मान ने शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को मैराथन धावक फ़ौजा सिंह का उनके पैतृक गांव ब्यास के पास सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह, जिन्हें प्यार से 'टर्बन्ड टॉरनेडो' कहा जाता था, इस वर्ष एक अप्रैल को 114 वर्ष के हुए थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि फ़ौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वे अद्भुत दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध पंजाबी सिख धावक फौजा सिंह जी के देहांत की खबर सुनकर बेहद दुःख हुआ। अपनी लंबी दौड़ों के दम पर पूरी दुनिया में सिख कौम का नाम रोशन करने वाले, विश्व के सबसे अधिक उम्र के धावक फौजा सिंह जी हमेशा हमारे दिलों और यादों में जीवित रहेंगे। परिवार और चाहने वालों के साथ दिल से संवेदना। परमात्मा उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। वाहेगुरु वाहेगुरु। लेखक खुशवंत सिंह, जिन्होंने उनकी जीवनी 'टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखी थी, ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि मेरा पगड़ीधारी टॉरनेडो अब नहीं रहा। मुझे अत्यंत दुख के साथ अपने श्रद्धेय स्व. फ़ौजा सिंह के निधन की सूचना मिल रही है। आज दोपहर लगभग 3:30 बजे उनके गाँव बियास में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## अगले टेस्ट से पहले ऋषभ पंत के फिट होने की पूरी संभावना: गिल

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में लगी चोट के बावजूद ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है।

पंत इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने की कोशिश में पंत की उंगली में गेंद लग गई थी। वह काफी दर्द में थे और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा, जिससे खेल थोड़ी देर रुका रहा। उन्होंने ओवर तो पूरा किया, लेकिन फिर विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके।

इसके बाद ध्रुव जुरेल ने मैच के बाकी हिस्से में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, पंत ने भारत की दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 112 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 9 रन। बल्लेबाज़ी के दौरान खासकर दूसरी पारी में कई बार वह असहज दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे। यह तकलीफ सबसे ज्यादा तब दिखी जब भारत आखिरी दिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

# पंत का रन आउट होना मैच का निर्णायक पल: गिल



**● निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए**

**लंदन, वार्ता।** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंततः भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं। जब शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को आउट कर इंग्लैंड को जीत दिलाई, तब रवींद्र जडेजा 61 रन पर नाबाद रहे। यह एक अदभुत पारी थी। उन्होंने 181 गेंदें खेलीं और निचले क्रम को बखूबी संभाला। उन्होंने नीतीश रेड्डी के साथ 30, जसप्रीत बुमराह के साथ 35 और सिराज के साथ 23 रन जोड़े। गिल ने जडेजा के बारे में कहा कि 'वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। हमने उन्हें कोई संदेश नहीं भेजा। वह निचले क्रम के साथ शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। हम बस यही चाहते थे कि वह और निचले क्रम के बल्लेबाज जितना लंबा खेल सकें, खेलें। जब इस दिल तोड़ने वाली हार की वजह बात की गई, तो गिल ने माना कि भारत ने खुद को चौथे दिन की आखिरी घड़ी में मुश्किल में डाल दिया। चौथे दिन शाम को करुण नायर, खुद गिल और नाइटवॉचमैन आकाशदीप का विकेट काफी कम अंतराल में गिर गया था। उस समय भारत का स्कोर 41/1 से 58/4 हो गया था। गिल को लगा कि अगर शीर्ष क्रम से एक अर्धशतकीय साझेदारी मिल जाती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। उन्होंने कहा कि आखिरी एक घंटे में हम थोड़ी बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। खासतौर पर जो दो आखिरी विकेट गिरे। वहां हमसे गलती हुई। आज सुबह भी, जिस तरह इंग्लैंड ने योजनाबद्ध गेंदबाजी की, हम बस एक 50 रन की साझेदारी की उम्मीद कर रहे थे। अगर टॉप ऑर्डर से एक भी साझेदारी मिल जाती, तो चीजें आसान हो जातीं। क्या पंत, राहुल और वाशिंगटन सुंदर के एक ही सत्र में आउट हो जाने के बाद भी कोई उम्मीद बची थी। इस सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि जब तक बल्लेबाजी बची थी, उम्मीद भी थी। हमें बस एक 50-60 रन की साझेदारी चाहिए थी। टारगेट बहुत बड़ा नहीं था। बस एक अर्धशतकीय साझेदारी और हम मैच में वापस आ सकते थे। गिल ने चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत के रनआउट को भी मैच का टर्निंग प्वाइंट माना। पंत और राहुल ने शतकीय साझेदारी कर पहली पारी में भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन राहुल को लंच से पहले शतक दिलाने की

## कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान की हार से की



**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया।

जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की: कि मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब, उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा।

मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं। सीरीज के उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि एक बार फिर, मैच का फैसला बेहद कम अंतर से हुआ-22 रन से। हमने सिराज को सांत्वना देते देखा। हम यही देखना चाहते हैं। हमने पांच दिनों तक कड़ा मुकाबला देखा, और फिर हर तरफ हाथ मिलाते हुए। किसी एक टीम को जीतना ही था, और इस बार इंग्लैंड था। अंतिम सत्र की तीव्रता के बारे में, जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि यह बहुत तनावपूर्ण था-नाखून चबाने वाला। मुझे यकीन नहीं है कि मेरे पास कोई नाखून बचा है!

## ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से मिली भारतीय टीम



**● विमेंस टीम भी पहुंची, कप्तान शुभमन गिल बोले-हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से सेंट जेम्स पैलेस में मुलाकात की। भारतीय मेंस और विमेंस टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है। भारतीय विमेंस टीम जहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज 3-2 से जीत चुकी है, जबकि टीम को 3 वनडे मैचों की सीरीज अभी खेलना है। वहीं, भारतीय मेंस टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे है। उन्होंने दूसरा (लाड्र्स) टेस्ट 22 रन से जीता। इस खास मुलाकात में कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। टीम को क्लैरेंस हाउस गार्डन में किंग चार्ल्स तृतीय से मिलवाया गया, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। इस खास मौके पर सभी खिलाड़ियों के साथ किंग चार्ल्स ने फोटो सेशन भी किया। मुलाकात पर कप्तान गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात है। विमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने का अनुभव खास रहा। यह हमारी उनसे पहली मुलाकात थी और वे बहुत ही दोस्ताना स्वभाव के हैं। उन्होंने आगे कहा, हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हमें खुद को दिखाने के बहुत मौके मिल रहे हैं। भारतीय विमेंस टीम ने हाल ही इंग्लैंड विमेंस की खिलाफ पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज अपने नाम की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से जीतीं। टीम 16 से 22 जुलाई के बीच 3 वनडे मैच भी खेलेगी। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलना शानदार अनुभव रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**● ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के तीसरे ही दिन विंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया**



**किंग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर था। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 176 रनों से बड़ी जीत हासिल की और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे दिन लंच के बाद जो हुआ वह गुलाबी गेंद वाले टेस्ट मैचों के मानक से भी कमतर था, क्योंकि मिचेल स्टार्क ने सबसे तेज पांच विकेट (15 गेंद) लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर अपनी लस्वग और सीम गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

पूरे मैच में मुश्किल हालात में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे स्टार्क ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर विंडीज के पतन की शुरुआत कर दी। उन्होंने एक ही ओवर में जॉन कैंपबेल, केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया, जबकि आखिरी दो बल्लेबाज देर से स्विंग हुई और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर फुल लेंथ की गेंदों पर आउट हुए। 0/3 के स्कोर पर, मेजबान टीम पहले से ही मुश्किल में थी, लेकिन स्टार्क का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। अपने तीसरे ओवर में, उन्होंने मिकेले लुइस को आउट करके 400 टेस्ट विकेट पूरे किए, ऐसा करने वाले सिर्फ चौथे ऑस्ट्रेलियाई बने, और दो गेंद बाद उन्होंने एक और तेज इनलस्वगर पर शाई होप को आउट कर दिया। गुलाबी गेंद से स्टार्क का यह अंदाज कमाल का था, तेज गेंदबाजी, गेंद को देर से घुमाना और बल्लेबाजों को कोई मौका न देना। इसके बाद जोश हेजलवुड ने रोस्टन चेज को आउट करके स्कोर को और बिगाड़ दिया और स्कोर 11/6 हो गया। जस्टिन ग्रीव्स, जो दोहरे अंक तक पहुंचने वाले वेस्टइंडीज के एकमात्र बल्लेबाज थे, अल्ज़ारी जोसेफ़ के साथ कुछ देर टिके रहे और उन्होंने चाय तक पारी को संभाला। लेकिन ब्रेक के बाद, केंद्र में आने की बारी बोलैंड की थी। चायकाल के बाद तीन गेंदों में नाटकीय अंदाज में बोलैंड ने ग्रीव्स की गेंद को स्लिप में पहुंचाया, एक सफल रिव्यू के बाद शमार जोसेफ को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जोमेल वारिकन को बोल्ड किया, जो ऑफ स्टंप के ऊपर से टकराकर अंदर की ओर आई। यह बोलैंड की पहली टेस्ट हैट्रिक थी और टेस्ट इतिहास में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा ली गई सिर्फ 10वीं हैट्रिक थी।

## आईजीपीएल ने युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर बनाया



**● आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अदभुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साह जनक है: युवराज सिंह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए, आईजीपीएल ने भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू)-भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय - के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक समझौता उभरती प्रतिभाओं को निखारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ आकांक्षाओं के लिए एक स्थायी मार्ग बनाने की उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

आईजीपीएल को हाल ही में खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है और युवराज के एलीट बोर्ड में शामिल होने से लीग के लिए समग्र गोल्फिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक वास्तविक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। आईजीपीएल के साथ अपने जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, युवराज ने कहा कि 'आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अद्भुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साहजनक है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक होने के बावजूद, गोल्फ को अभी भी एक विशिष्ट खेल माना जाता है और अधिक दर्शकों और खिलाड़ियों तक पहुंचने और गोल्फ को दर्शकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए एक तेज और त्वरित प्रारूप की आवश्यकता है। युवराज ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारतीय गोल्फरों को निखारने और अतिरिक्त अवसरों के साथ उनके विकास में भी मदद करेगा। हमें विश्वास है कि आईजीपीएल भारत में आम जनता के बीच इस खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगा।

# सम्पादकीय

बुधवार, 16 जुलाई 2025

## आतंकवाद पर कठोर रुख

भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर इस समय चीन की यात्रा पर हैं। वह वहां शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। बीजिंग में हो रही शंघाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया है कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर भारत अडिग रहेगा। इससे किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। उनके अनुसार भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाला और आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने सदस्य देशों को याद दिलाया कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए ही की गई थी।

उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले का भी जिक्र किया और कहा कि यह हमला पूरी तरह प्रायोजित था और जानबूझकर किया गया था। ताकि जम्मू कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकनसान पहुंचाने के लिए ही नहीं किया गया था बल्कि इसके पीछे धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने का भी एक षड्यंत्र था। जयशंकर ने सीधे बेबाक अंदाज में कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सुरक्षा परिषद ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने इस घटनाक्रम को गंभीर मानते हुए आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्त पोषकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। भारत ने इसे के अनुरूप कार्रवाई की है। उनका कहना था कि हमने ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने शंघाई संगठन के सदस्य देशों को आह्वान करते हुए कहा कि हम अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहें और इस चुनौती पर अडिग रुख अपनाएं। जयशंकर अप्रत्यक्ष रूप से पाक का नाम लिए बिना अपनी बात कह रहे थे, लेकिन हर कोई जानता है कि उनके निशाने पर पाकिस्तान है। चीन पाक भी शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देश हैं। इसलिए चीन की धरती से विदेश मंत्री का यह आह्वान सीधे उन तक पहुंच गया होगा। डा. जयशंकर ने सोमवार को चीन के उप राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

मंगलवार को वह चीन के राष्ट्रपति जिननिंग से भी मिले और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिभावदन भी उन तक पहुंचाया। जाहिर है भारत अपने पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध बनाने पर भी जोर दे रहा है। साथ ही अपनी बात भी मुखर होकर कर रहा है। सब जानते हैं कि चीन का झुकाव पाकिस्तान की ओर हमेशा से रहा है। हाल ही में जो पाक से चार दिन का संघर्ष हुआ था, उसमें भी चीन पाक के साथ ही खड़ा दिखाई दे रहा था। साथ ही भारत के साथ चीन का सीमा विवाद भी बना हुआ है। जाहिर है चीन भी अब इस बात को अच्छी तरह समझता है कि भारत अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगा।

## भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा



ओडिशा में इंसाफ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत, सीधे-सीधे भाजपा के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है, उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाई, लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया, जिन्हें उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे तोड़ते रहे, हर बार की तरह भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा और एक मासूम बेटी को खुद को आग लगाने पर मजबूर कर दिया, ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या है, मोदी जी, ओडिशा हो या मणिपुर देश की बेटियां जल रही हैं, टूट रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप खामोश बने बैठे हैं, देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए। **-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए






योगेश कुमार गोयल

हिन्दी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, अस्मिता और स्वाभिमान की प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति की वह अ.श्य डोर है, जो देश के कोने-कोने को जोड़ती है। दुर्भाग्यवश हिन्दी जब अपनी वैश्विक उड़ान भर रही है, उसी समय देश के भीतर कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थों के कारण हिन्दी का विरोध हो रहा है। खासकर महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मुंबई में हिन्दी फिल्मों का केंद्र है, वहां हिन्दी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और हिन्दी बोलने वालों पर हमले की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह विडंबना ही है कि एक ओर जहां दुनिया हिन्दी को सम्मान दे रही है, वहीं भारत में कुछ शक्तियां इसे राजनीतिक हथियार बना रही हैं।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफ वैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। आज जब हिन्दी आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से दुनिया में भारत की पहचान बन रही है, तब इसे विरोध का विषय बनाना केवल संकीर्ण राजनीति का परिचायक है।

दुनियाभर में आज जब अपनी-अपनी भाषाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है, ऐसे समय में हिन्दी न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए। विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। एथ्नोलॉग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती। दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है। यूजीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में हिन्दी सीखने आने वाले विदेशी विद्यार्थियों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित फिजी में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। वहां फिजी हिन्दी महापरिषद जैसी संस्थाएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। मॉरीशस में 2002 में स्थापित विश्व हिन्दी सचिवालय हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय प्रसार का सशक्त मंच बना हुआ है। यहां से विश्व हिन्दी पत्रिका और विश्व हिन्दी समाचार जैसे प्रकाशनों के जरिए हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत की जा रही है। रूस में भी हिन्दी साहित्य का प्रभाव गहराता जा रहा है। अनेक रूसी विद्वान तुलसीदास, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा जैसे भारतीय लेखकों के साहित्य का रूसी में अनुवाद कर रहे हैं। रूस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा और साहित्य का व्यापक अध्ययन होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यिक दृष्टि से भी हिन्दी की जड़ें वैश्विक धरातल पर गहरी हो रही हैं। हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। बच्चा, अच्छा, दादागिरी, पंडित, जुगाड़, गुलाब जामुन जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं।

यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता आज अमेरिका, इंग्लैंड, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की तक फैली है। कई देशों में हिन्दी फिल्मों के रेडियो चौनल, टीवी चौनल, फिल्म समारोह और लाइव शो आयोजित किए जाते हैं, जो हिन्दी को सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं। डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी का आर्थिक मूल्य भी तेजी से बढ़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर, वॉयस असिस्टेंट्स, एआई चैटबॉट्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में हिन्दी को प्रमुखता दी जा रही है। तकनीकी उपकरणों में हिन्दी इनपुट और आउटपुट की सुविधा अब आम बात हो चुकी है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान में भी हिन्दी की प्रमुख भूमिका है। हिन्दी की वैश्विक प्रतिष्ठा को विश्व हिन्दी सम्मेलन जैसे आयोजन भी मजबूती दे रहे हैं। 1975 से अब तक यह सम्मेलन भारत, मॉरीशस, अमेरिका, यूके, त्रिनिदाद, फिजी जैसे देशों में आयोजित हो चुका है। इन आयोजनों में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का आधार कहा था। भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान अब हिन्दी में उच्च शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह संस्थान प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी सेवी सम्मान' प्रदान करता है, जो हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिए जाते हैं। बहरहाल, हमें यह समझना होगा कि भारत के किसी भी राज्य में हिन्दी का विरोध करना भारत की एकता और संस्कृति पर हमला है। भाषा को विभाजन का नहीं, समावेशन और संवाद का साधन बनाना चाहिए। जब दुनिया हिन्दी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है तो हमें भी अपनी भाषाई चेतना को व्यापक बनाना होगा। हिन्दी किसी एक राज्य या क्षेत्र की नहीं, पूरे भारत की है। इसका विरोध उस भारतीयता का विरोध है, जो हिन्दी के जरिए दुनियाभर में फैल रही है। यह समय हिन्दी को राजनीति की भेंट चढ़ाने का नहीं, इसके वैश्विक उभार को समर्थन देने का है। इसलिए हमें हिन्दी को अपमानित नहीं बल्कि इसके इस उज्जवल भविष्य पर गर्व करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैंसर ट्यूमर की मदद करती तंत्रिकाएं



**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज़्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# निजी अस्पतालों में आकस्मिक चिकित्सा पर पुनर्विचार जरूरी



जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।

परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है। ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

-साभार स्रोत फीचर्स

# ट्रम्प के अपने ही घर में आफत: 20 राज्यों ने दायर किए मुकदमें

## स्कूल कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकने का मामला

**ईस्ट प्रोविडेंस।** अमेरिका के 20 से ज्यादा राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। उनका कहना है कि ट्रम्प प्रशासन ने स्कूल के बाद और ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों तथा अन्य के लिए दी जाने वाली अरबों डॉलर की धनराशि रोक दी है।

ऐडेन कैजारेस उन 14 लाख बच्चों और किशोरों में से एक हैं, जो स्कूल के बाद या गर्मियों में बायज एंड गर्ल्स क्लब, वाईएमसीए या किसी पब्लिक स्कूल में मुफ्त में कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं।

कांग्रेस ने ज्यादातर कम आय वाले परिवारों को शैक्षणिक सहायता, संवर्धन और बाल देखभाल प्रदान करने के लिए इन कार्यक्रमों के लिए धनराशि अलग रखी थी, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने हाल ही में इस धनराशि को रोक दिया है। 21वीं सदी के सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के लिए दी जाने वाली राशि, जो संघीय शिक्षा अनुदानों में से एक है, को भी ट्रम्प प्रशासन ने रोक दिया है। ये रकम कुल मिलाकर 6 अरब डॉलर से ज्यादा है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिन संस्थाओं को पैसा दिया जा रहा है, वे ट्रम्प की नीतियों के अनुसार काम कर रही हैं या नहीं। ईस्ट प्रोविडेंस के बायज एंड गर्ल्स क्लब के अनुसार, रोड आइलैंड राज्य ने अपने स्तर पर ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए धन मुहैया कराया है। लेकिन शरद ऋतु में स्कूल के बाद चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चिंता बनी हुई है। बायज एंड गर्ल्स क्लब आफ अमेरिका की संचार उपाध्यक्ष सारा ल्यूटजिंगर ने कहा कि अगर ट्रम्प प्रशासन अगले तीन से पांच हफ्तों में धनराशि जारी नहीं करता है, तो देशभर में 926 क्लबों में से कई बंद हो सकते हैं। वाईएमसीए और सेव च चिल्ड्रन संगठन ने भी कहा है कि उनके कई केंद्रों को भी बंद करना पड़ सकता है। सेव द चिल्ड्रन एक्शन नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टी ग्लीसन ने कहा कि समय की बहुत अहमियत है। उनके संगठन ने अमेरिका के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों और वाशिंगटन राज्य के 41 स्कूलों में कार्यक्रम शुरू किए हैं, जहां अगस्त से स्कूल शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है। जिन स्कूलों की फंडिंग रोकी गई है, उनमें ज्यादातर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं वाले इलाकों में हैं। वामपंथी थिंक टैंक, न्यू अमेरिका के एक विश्लेषण के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित 100 स्कूल जिलों में से 91 रिपब्लिकन इलाकों में हैं। ये जिले खास तौर पर कैलिफोर्निया, वेस्ट वर्जीनिया, फ्लोरिडा और जार्जिया राज्यों में हैं।



- कांग्रेस ने रखी थी रकम, ट्रम्प प्रशासन ने रोकी
- ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं
- अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है

### यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनेंगी यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन सकती हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनकी सिफारिश की है। यूलिया, जेलेंस्की की करीबी मानी जाती हैं। वह 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह लेंगी। जेलेंस्की ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे सरकार में जरूरी बदलाव चाहते हैं। हालांकि यूलिया का पीएम बनाना संसद की मंजूरी पर निर्भर करता है। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट आफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे देश की अगली पीएम बनेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया के प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर आज संसद में चर्चा हो सकती है। यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।



मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास एक डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी।

### आतंकवाद से सख्ती से निपटने के उद्देशयों पर अड़िग रहे एससीओ: जयशंकर

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। डा. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ए तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निदा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश नौसेना ने 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**ढाका।** बंगलादेश की नौसेना ने कथित तौर पर उनके देश की समुद्री सीमा में प्रवेश करने और बंगाल की खाड़ी में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। एक समाचार रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार कल समुद्र में फेयरवे बॉय क्षेत्र के पास मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर, एफबी झोर और एफबी मंगल चांदी-38 को भी जब्त कर लिया गया। हिरासत में लिए गए मछुआरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए मोंगला भेजा गया है।

### गजनी में हमलावरों ने की पांच लोगों की गोली मारकर हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पाँच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सईदी ने बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### कनाडा में गर्मी की अनेक चेतावनी जारी की

**ओटावा।** कनाडा के पर्यावरण प्राधिकरण ने सोमवार दोपहर को ओंटारियो, क्यूबेक और अटलांटिक प्रांतों सहित कई प्रांतों के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की। पर्यावरण कनाडा के अनुसार, गर्मी की चेतावनी में टोरंटो, ओटावा और मॉन्ट्रियल जैसे बड़े शहर भी शामिल हैं जहां दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है जो उच्च आर्द्रता के साथ 42 डिग्री तक महसूस होगा और गुरुवार रात तक इसे जारी रहने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कहा कि दक्षिणी ओंटारियो में इस सप्ताह अधिकांश समय गर्मी और उमस महसूस होगा।

# फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की चर्चाएं

## दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूटयूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं। इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम जीन-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है।

जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने अब इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोगन्यू की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह मामला दिसम्बर 2021 का है, जब अमंडाइन राय नाम की महिला यूटयूबर ने एक पत्रकार नताशा रे का इंटरव्यू किया। 4 घंटे के इस इंटरव्यू में नताशा ने दावा किया कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष हैं। नताश रे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने इस जानकारी के लिए 3 साल तक रिसर्च की। रे ने दावा कि जीन मिशेल ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद इमैनुएल मैक्रों से शादी की थी। यह वीडियो वायरल हो गया और पूरी दुनिया में इसे लेकर कान्सपिरेसी थ्योरी फैलने लगी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने दावा करते हुए खहा कि यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक घोटाला है। ओवेन्स ने दावा किया कि ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स वास्तव में एक ही व्यक्ति हैं। यानी ब्रिगिट पहले जीन-मिशेल के नाम से एक पुरुष थीं और बाद में लिंग परिवर्तन कर महिला बनीं। ओवेन्स ने यहां तक कहा कि वह अपनी पूरी पेशेवर प्रतिष्ठा इस बात पर दांव पर लगा देंगी कि ब्रिगिट मैक्रों वास्तव में पुरुष हैं।



कहा गया था, जेंडर बदलकर की शादी

# डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ की दी धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमे. रिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी का हथियार भेजेगा, साथ ही उन्होंने रूस को धमकी दिया कि अगर 50 दिनों के अंदर युद्ध समाप्ति के लिए समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर कड़े टैरिफ लगाएंगे। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन में नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन वह कर सके जो वह करना चाहता है। रूटे ने पुष्टि किया कि अमेरिका ने नाटो के माध्यम से यूक्रेन को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने का निर्णय लिया है तथा यूरोपीय देश इसका खर्च वहन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन को अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां देंगे जिस पर यूक्रेन रूस के घातक हवाई हमलों को विफल करने के लिए निर्भर है और इसके बाद अमेरिका प्रतिस्थापन प्रणाली जारी करेगा। हालांकि न तो रूटे और न ही ट्रम्प ने कीव को भेजे जाने वाले हथियारों के बारे में विस्तार से बताया लेकिन रूटे ने कहा कि सौदे में मिसाइल और गोला-बारूद शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का हथियार देने का वादा यूक्रेन के लिए एक बड़ा कदम है। ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर मूल्य के उच्च-स्तरीय हथियार युद्धक्षेत्र में तेजी से वितरित किए जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि उन्होंने रूटे के साथ बैठक करने के बाद ट्रम्प से बात की और यूक्रेन का समर्थन करने, हत्याओं को रोकने तथा स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करने की उनकी इच्छा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ रूसी हमलों से लोगों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और अपनी स्थिति मज़बूत करने के लिए आवश्यक उपायों व समाधानों पर चर्चा की।

- अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी के हथियार भेजेगा

# सीरिया में सैन्य टैंको पर इजरायली हमला

## सरकारी बलों और ड्रूज मिलिशिया संघर्ष में 30 की मौत

**बुसरा अल-हरीर।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में कुछ सैन्य टैंकों पर हमला किया है। यह हमला उस समय हुआ, जब वहां सीरियाई सरकारी बलों और बेडौइन जनजातियों की ड्रूज मिलिशिया के बीच झड़प हुई थी। सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है और अब भी वहां शांति पूरी तरह नहीं लौटी है।

दक्षिणी सीरिया के स्वेदा प्रांत में स्थानीय मिलिशिया और कबीलों के बीच लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं। जब सरकारी सुरक्षा बल शांति बहाल करने के लिए पहुंचे, तो उनकी भी सशस्त्र समूहों के साथ झड़प हुई। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब 100 लोग घायल हुए हैं। ब्रिटेन की युद्ध निगरानी संस्था सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि कम से कम 89 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे, दो महिलाएं और 14 सुरक्षा बल के सदस्य शामिल हैं। आब्जर्वेटरी ने बताया कि लड़ाई की शुरुआत ड्रूज और सुन्नी बेडौइन कबीलों के सशस्त्र समूहों के बीच हुई। सरकारी सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी बेडौइन पक्ष की मदद कर रहे थे। सीरिया के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नूरेद्दीन अल-बाबा ने बताया कि सरकारी बल व्यवस्था बहाल करने के लिए सुबह-सुबह स्वेदा में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि कुछ झड़पें गैरकानूनी सशस्त्र समूहों के साथ हुई, लेकिन हमारी को. शिश है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो। वेधशाला ने बताया कि झगड़े की शुरुआत उस समय हुई जब एक बेडौइन समूह ने एक ड्रूज युवक को पीटा और लूट लिया। इसके जवाब में दूसरे पक्ष ने भी हमला किया और अपहरण की घटनाएं शुरू हो गईं। वेधशाला के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने बताया कि संघर्ष एक ड्रूज सब्जी विक्रेता के अपहरण और लूटपाट से शुरू हुआ।

- सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है

### इंडोनेशिया में नाव पलटी, 11 लोग लापता


**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के मेंटावाई द्वीप समूह के तट पर सोमवार को एक नाव के पलट जाने से 11 लोग लापता हो गए। इस हादसे में सात लोग तैरकर बाहर आ गए। स्थानीय राहत एंव बचाव दल की आपातकालीन इकाई के प्रमुख डियो उल्वी फिनंदा ने यह जानक. ारी दी है। फिनंदा ने मंगलवार सुबह बताया कि नाव सिकाकाप द्वीप से सिपोरा द्वीप जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:00 बजे हुई। नाव में सवार सात लोग तैरकर किनारे तक पहुंचने में कामयाब रहे। खोज एवं बचाव कार्यालय ने सूचना के बाद एक नाव और बचाव कर्मियों के साथ एक जहाज घटनास्थल पर भेजा। हालांकि जब वे पहुंचे तो उन्हें नाव कहीं मिली।

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# पाक से शियाओं के अकेले ईरान-इराक जाने पर बैन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अगले साल से शिया नागरिकों के अकेले इराक-ईरान जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान और इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया।

नकवी ने कहा कि 1 जनवरी 2026 से शिया नागरिक अकेले नहीं बल्कि रजिस्टर्ड ग्रुप की मदद से यात्रा कर पाएंगे। इन रजिस्टर्ड ग्रुप का काम लोगों को इराक ले जाना और उन्हें वहां से वापस लाना होगा। पाकिस्तान में शिया तीर्थयात्रियों को जायरीन कहा जाता है। हर साल हजारों शिया मुसलमान इराक और ईरान के पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं। इनमें से कई लोग अपने वीजा की तय सीमा से ज्यादा समय तक वहां रुक जाते हैं, कुछ अवैध काम भी करने लगते हैं। इससे पाकिस्तान का इन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा होता है और पाकिस्तान की छवि भी खराब होती है। अब से इन दोनों की यात्रा पर जाने वाले शिया तीर्थयात्रियों को अब अधिकृत टूर आयोजकों के साथ जाना होगा। इन आयोजकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई तीर्थयात्री समय से ज्यादा इराक में न रुके।



- गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान-इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद फैसला लिया

# कनाडा में जगन्नाथ रथ यात्रा पर अंडे फेंके

**ओटावा।** कनाडा में 11 जुलाई को इस्कान की जगन्नाथ रथ यात्रा पर कुछ लोगों ने छतों से अंडे फेंके। इस घटना का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह घटना उस वक्त घटी जब भक्त सड़कों पर नाचते हुए भजन कर रहे थे।

सोशल मीडिया यूजर संगना बजाज ने घटना का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा-किसी ने पास की इमारत से हम पर अंडे फेंके। क्यों? क्योंकि हमारा विश्वास शोर मचाता है? क्योंकि हमारी खुशी अनजान लगती है? हम नहीं रुके, क्योंकि भगवान जगन्नाथ सड़कों पर हैं, कोई नफरत हमें हिला नहीं सकती। वहीं, टोरंटो में रहने वाली एक एनआरआई ने कहा- हम हैरान और आहत थे, लेकिन हमने यात्रा नहीं रोकी। नफरत कभी भी विश्वास को नहीं हरा सकती। इस घटना की निंदा करते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे भक्तों की भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा-टोरंटो में रथ यात्रा के दौरान भक्तों पर अंडे फेंके जाने की खबर से दुखी हूं। यह घटना न सिर्फ जगन्नाथ भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि ओडिशा के लोगों के लिए भी दुखद है।

- भक्त बोले: नफरत विश्वास को नहीं हरा सकती, भारत सरकार से कार्रवाई की अपील

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट